भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय (उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार के अंतर्गत देश में मानकीकरण, उत्पाद एवं पद्धति प्रमाणन, सोना/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण करने, इत्यादि के क्षेत्र में गतिविधियों हेतु उत्तरदायी निकाय, बीआईएस मुख्यालय, नई दिल्ली और देशभर में स्थित बीआईएस कार्यालयों में सीधी भर्ती द्वारा निम्नलिखित पदों पर रिक्तियाँ भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से नीचे दिए गए विवरणानुसार **ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:**

1. रिक्तियों का विवरण

क्र.स.	पदनाम	पद का वेतन लेवल	अधिकतम आयु सीमा	कुल रिक्तियाँ	अनार क्षित	ई ड्ब्ल्यू एस	अ.जा.	अ.ज. जा.	अ.पि.व	समानांतर रिक्तियाँ	
										दिव्यांग	भू.पू.सै.
प्रशासन एवं वित्त पद											
समूह - क पद (सीधी भर्ती द्वारा भरे जाएं) :											
1.	सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त)- वित्त के लिए	लेवल-10 (रु. 56100-177500)	35 वर्ष	01	-	01	-	-	-	-	-
2.	सहायक निदेशक (विपणन एवं उपभोक्ता मामले)	लेवल-10 (रु. 56100-177500)	35 वर्ष	01	-	-	-	-	01	-	-
3.	सहायक निदेशक (हिंदी)	लेवल-10 (रु. 56100-177500)	35 वर्ष	01	01	-	-	-	-	-	-
समूह- ख पद (सीधी भर्ती द्वारा भरे जाएं) :											
4.	निजी सहायक	लेवल-6 (रु. 35400-112400)	30 वर्ष	27	12	02	04	02	07	02(01 VI,010H)	-
5.	सहायक अनुभाग अधिकारी	लेवल-6 (रु. 35400-112400)	30 वर्ष	43	15	05	06	03	14	01(HI)	-
6.	सहायक (कम्प्यूटर एडिड डिजाइन)	लेवल-6 (रु. 35400-112400)	30 वर्ष	01	01	-	-	-	-	-	-
समूह - ग पद (सीधी भर्ती द्वारा भरे जाएं)											
7.	आशुलिपिक	लेवल-4 (रु. 25500-81100)	27 वर्ष	19	10	02	01	02	04	01 (01 VI)	01
8.	वरिष्ठ सचिवालय सहायक	लेवल-4 (रु. 25500-81100)	27 वर्ष	128	58	12	19	05	34	05 [02 HI, 02 VI, 01 IDMI]	12
9.	कनिष्ठ सचिवालय सहायक	लेवल - 2 (रु. 19900-63200)	27 वर्ष	78	32	08	10	06	22	02 [01HI,01 IDMI]	07

For more job news visit : www.kpscvaani.com

प्रयोगशाला तकनीकी पद											
समूह - ख पद (सीधी भर्ती द्वारा भरे जाएं) :											
10.	तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला)	लेवल-6 (रु. 35400-112400)	30 वर्ष	27	16	02	01	04	04	03 (01 VI,01 HI, 01 IDMI)	-
विषयवार रिक्तियाँ											
	यांत्रिकी			13	07	01	01	02	02	-	-
	रसायन			12	07	01	-	02	02	-	-
	माइक्रोबायोलॉजी			02	02	-	-	-	-	-	-
समूह - ग पद (सीधी भर्ती द्वारा भरे जाएं) :											
11.	वरिष्ठ तकनीशियन	लेवल-4 (रु. 25500-81100)	27 वर्ष	18	11	01	01	01	04	01 (01HI)	01
	विषयवार रिक्तियाँ										
	कारपेंटर			07	03	01	01	01	01	-	-
	वेल्डर			01	01	-	-	-	-	-	-
	प्लम्बर			02	01	--	-	-	01	-	-
	फीटर			05	04	-	-	-	01	-	-
	इलैक्ट्रिशियन/वायरमैन			03	02	-	-	-	01	-	-
12.	तकनीशियन इलैक्ट्रिशियन/वायरमैन	लेवल-2 (रु. 19900-63200)	27 वर्ष	01	-	-	-	-	01	-	-

संक्षिप्तियाँ:

अना- अनारक्षित	अ.पि.व - अन्य पिछड़ा वर्ग	ईडब्ल्यूएस - आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
पीडब्ल्यूडी- दिव्यांग	अ.जा - अनुसूचित जाति	अ.ज.जा - अनुसूचित जनजाति
भू.पू.सै- भूतपूर्व सैनिक	श्र.बा- श्रवण बाधित	दृ.बा- दृष्टि बाधित
एलडी- लोकोमोटर निशक्तता	आईडी एवं एमआई/एमडी - बौद्धिक निशक्तता एवं मानसिक अस्वस्थता/ बहु व्याधियाँ	

नोट:

i) दिव्यांग अभ्यर्थियों को भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार "इन्टरलॉकिंग आरक्षण" उपलब्ध कराया जाएगा।

ii) केवल कम से कम 40% निशक्तता वाले दिव्यांग व्यक्ति ही उनके लिए आरक्षित पदों पर प्रतिस्पर्धा अथवा किसी भी शिथिलता /छूट का लाभ उठाने हेतु आवेदन करने के पात्र होंगे।

iii) आवश्यकतानुसार रिक्त पदों की संख्या को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

iv) अभ्यर्थी को नियुक्ति होने पर देश में स्थित बीआईएस के किसी भी कार्यालयों में तैनात नियुक्त किए जाने का अधिकार बीआईएस के पास सुरक्षित होगा।

v) **महत्वपूर्ण नोटः** आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार विज्ञापन में निर्धारित योग्यता, अनुभव, आयु आदि रखने वाले अभ्यर्थी ही विज्ञापित पदों के लिए पात्र होंगे।

vi) आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरणः **09 सितम्बर 2024 (00.00 बजे) से मध्यरात्रि 30 सितम्बर 2024 तक ।**

For more job news visit : www.kpscvaani.com

2. शैक्षणिक योग्यता और अनुभव (सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए):

क्रमांक	पद का नाम	अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं
1.	सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त)- वित्त के लिए	(i) चार्टर्ड अकाउंटेंट/कॉस्ट एंड वर्क अकाउंटेंट/सर्वोडीनेट अकाउंटस सर्विस एकाउंटेंट/ किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्था से मास्टर ऑफ बिजनेस एड्मिनिसट्रेशन (वित्त में विशेषज्ञता के साथ); और (ii) केंद्रीय/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या सांविधिक/ स्वायत्त निकाय/पब्लिक सैक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेन्सी में सुसंगत क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव।
2.	सहायक निदेशक (विपणन और उपभोक्ता मामले)	(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से मास्टर ऑफ बिज़नेस एड्मिनिसट्रेशन (मार्केटिंग) या जनसंचार में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा या सोशल वर्क में मास्टर डिग्री या स्नातकोत्तर डिप्लोमा; और (ii) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/ संघ राज्य क्षेत्र सरकार/ सांविधिक/स्वायत्त निकाय/पब्लिक सैक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी अजेंसी मे मार्केटिंग/जनसंचार/ सोशल वर्किंग के क्षेत्र मे पाँच वर्ष का अनुभव।
3.	सहायक निदेशक (हिंदी)	**(i)** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी मे मास्टर डिग्री/स्नातकोत्तर डिग्री या समतुल्य जिसमे डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक विषय के रूप मे रहा हो; या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अग्रेज़ी मे मास्टर डिग्री/स्नाकोत्तर डिग्री या समतुल्य जिसमे डिग्री स्तर पर हिन्दी एक विषय के रूप मे रहा हो; या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय मे मास्टर डिग्री/ स्नाकोत्तर डिग्री या समतुल्य जिसमे डिग्री स्तर पर हिन्दी और अग्रेजी एक विषय के रूप में रहा हो; या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय मे मास्टर डिग्री/ स्नाकोत्तर डिग्री या समतुल्य जिसमे अँग्रेजी/हिन्दी माध्यम रहा हो और डिग्री स्तर पर हिन्दी/अँग्रेजी एक विषय के रूप में रहा हो; या **(ii)** केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र सरकार या संविधिक/स्वायत्त निकाय/पब्लिक सैक्टर उपक्रम/प्रतिष्ठित सरकारी एजेंसी मे हिन्दी मे सब्दावली कार्य और/या अंग्रेजी से हिन्दी या विपर्येन अनुवाद कार्य का पाँच वर्ष का अनुभव।
4.	निजी सहायक	(क) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री; और (ख) कंप्यूटर प्रवीनता परीक्षा: अभ्यर्थी कम से कम से कम राष्ट्रिय कौशल अर्हक रूपरेखा (एमएसक्यूएफ) के लेवेल -6 मे प्रवीण होना चाहिए । यह परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी ; और ग) अभ्यर्थी का आशुलिपि परीक्षण मे सात मिनट तक सौ शब्द अग्रेजी या हिन्दी में श्रुतिलेखन होगा जिसे पैतालीस मिनट (अग्रेजी श्रुतिलेखन) और साठ मे (हिन्दी श्रुतिलेखन) मे प्रतिलेखन करना होगा और कम्पुटर का ज्ञान अपेक्षित होगा । दृष्टि बाधित ऐसे उम्मीदवार, जिनकी नि:शक्तता चालीस प्रतिशत और इससे अधिक हो, उन्हे अग्रेज़ी आशुलिपि परीक्षन के प्रतिलेखन के लिए 70 मिनट और हिन्दी आशुलिपि परीक्षन के प्रतिलेखन के लिए 90 मिनट दिये जाएगे। अनुमेय गलतियाँ 5 प्रतिशत। यदि विज्ञापित रिक्तियों के अनुसार किसी भी प्रवर्ग मे अर्हित अभ्यर्थी(अर्थात 5 प्रतिशत गलतियों के साथ) की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं होती है, तो अनुमेय गलतियों में 10 प्रतिशत शिथिल की जा सकती है ।
5.	सहायक अनुभाग अधिकारी	i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर डिग्री या समतुल्य; और ii) कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षाः अभ्यर्थी कम से कम राष्ट्रीय कौशल अर्हक रूपरेखा के लेवेल -6 मे प्रवीण होना चाहिए। ये परीक्षण अर्हक प्रकृति की होगी; और iii) कम्प्यूटर प्रवीणता में अर्हता कौशल परीक्षण आयोजित की जाएगी ।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

क्रमांक	पद का नाम	अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं
6.	सहायक (कम्प्यूटर एडेड डिजाइन)	ऑटो केड में पांच वर्ष के अनुभव सहित विज्ञान में स्नातक की डिग्री और टाइपोग्राफी का कार्यसाधक ज्ञान; या ऑटो केड (सीएडी) में पांच साल के अनुभव के साथ विज्ञान में स्नातक की डिग्री और प्रासंगिक विषय में ड्राफ्ट्समैनशिप; या सिविल/मैकेनिकल/इलैक्ट्रिकल में इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ ऑटो केड (CAD) में पांच साल का अनुभव और प्रासंगिक विषय में ड्राफ्ट्समैनशिप।
7.	आशुलिपिक	i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर डिग्री; ii) कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षाः अभ्यर्थी को कम से कम राष्ट्रीय कौशल रूपरेखा के लेवेल-5 मे प्रवीण होना चाहिए। ये परीक्षण अर्हक प्रकृति की होगी; और iii) आशुलिपि परीक्षाः अंग्रेजी/हिंदी आशुलिपि मे 80 शब्द प्रति मिनट की गति पर अँग्रेजी/हिन्दी आशुलिपि परीक्षा जिसे कम्प्यूटर पर क्रमशः 50 मिनट या 60 मिनट मे प्रतिलेखन करना होगा । दृष्टि बाधित ऐसे उम्मीदवार जिसकी निशक्तता चालीस प्रतिशत और इससे अधिक हो, उन्हे अँग्रेजी आशुलिपि परीक्षण के प्रतिलेखन के लिए 70 मिनट और हिन्दी आशुलिपि परीक्षण के प्रतिलेखन के लिए 90 मिनट दिये जाएगे । अनुमेय गलतियाँ 5 प्रतिशत । यदि विज्ञापित रिक्तियों के अनुसार किसी भी प्रवर्ग में अर्हित अभ्यर्थी (अर्थात 5 प्रतिशत गलतियों के साथ) की पर्याप्त संख्या उपलब्ध नहीं होती है, तो अनुमेय गलतियों मे 10 प्रतिशत की शिथिलता की जा सकती है ।
8.	वरिष्ठ सचिवालय सहायक	i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर डिग्री; तथा ii) कम्प्यूटर प्रवीणता में अर्हता कौशल परीक्षा मे निम्नलिखित शामिल होगा: क) वर्ड प्रोसेसिंग टेस्ट - 15 मिनट में 2000 की- डिप्रेशन; ख) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल पर स्प्रेड शीट्स में टेस्ट - 15 मिनट; और ग) पावर प्वाइंट (माइक्रोसॉफ्ट पावरपॉइंट मे टेस्ट - 15 मिनट
9.	कानिष्ठ सहायक सचिवालय	i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बैचलर डिग्री; ii) कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा : अभ्यर्थी कम से कम राष्ट्रिय कौशाल अर्हक रूपरेखा के लेवेल -5 में प्रवीण होना चाहिए। ये परीक्षण अर्हक प्रकृति की होगी ; और iii) टंकण गति परीक्षण: कम्पुटर पर अँग्रेजी मे 35 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी मे 30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति होनी चाहिए। (10500 केडीपीएच/ 9000 केडीपीएच के साथ प्रत्येक शब्द के लिए 5 की-डिप्रेशन की औषत पर 35 शब्द प्रति मिनट और 30 शब्द प्रति मिनट क्रमशः के समक्ष (अनुमत समय 10 मिनट)

For more job news visit : www.kpscvaani.com

क्रमांक	पद का नाम	अपेक्षित शैक्षिक और अन्य योग्यताएं
10.	तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला)	**यांत्रिक विषय के लिएः** न्यूनतम साठ प्रतिशत अंकों के साथ मैकेनिकल में तीन वर्षीय डिप्लोमा (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए पचास प्रतिशत अंक)। **रासायनिक विषय के लिए** न्यूनतम साठ प्रतिशत अंकों (अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत) के साथ विज्ञापन में स्नातक की डिग्री (मुख्य विषय में से एक के रूप में रसायन विज्ञान के साथ) **माइक्रोबायोलॉजी विषय के लिए** न्यूनतम साठ प्रतिशत अंकों (अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए पचास प्रतिशत) के साथ विज्ञापन में स्नातक की डिग्री (मुख्य विषय में से एक के रूप में माइक्रोबायोलॉजी के साथ)
11.	वरिष्ठ तकनीशियन	i) मैट्रिक या इसके समकक्ष; ii) निम्नलिखित में से किसी भी ट्रेड में औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान का प्रमाण पत्रः (क) इलेक्ट्रीशियन; (ख) फिटर; (ग) बढ़ई; (घ) प्लंबर; (ड.) वायरमैन (च) वेल्डर (वेल्डर को प्रासंगिक भारतीय मानक या इसके समकक्ष के अनुसार वेल्डर की योग्यता परीक्षा भी उत्तीर्ण होना चाहिए); और iii) संबंधित ट्रेड में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रमाणपत्र या राष्ट्रीय अप्रेंन्टीशिप प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद संबंधित ट्रेड में 2 वर्ष का प्रयोगिक अनुभव।
12.	तकनीशियन	i) मैट्रिक या इसके समकक्ष; ii) निम्नलिखित में से किसी भी ट्रेड में औद्योगिकी प्रशिक्षण संस्थान का प्रमाण पत्रः (क) इलैक्ट्रिशियन (ख) वायरमैन; एवं iii) संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र

3. भर्ती की प्रक्रिया (सीधी भर्ती द्वारा पद भरे जायें)

क्रमांक	पद का नाम	भर्ती की प्रक्रिया
1.	सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) - वित्त के लिए	क) **ऑनलाइन परीक्षा;** और **ख) साक्षात्कार**
2.	सहायक निदेशक (विपणन और उपभोक्ता मामले)	क) **ऑनलाइन परीक्षा;** और **ख) साक्षात्कार**
3.	सहायक निदेशक (हिंदी)	क) **ऑनलाइन परीक्षा ;**और **ख) साक्षात्कार**
4.	निजी सहायक	क) **ऑनलाइन परीक्षा ;** और ख) **कौशल परीक्षाः** i) <u>कम्प्यूटर दक्षता परीक्षा:</u> परीक्षा में राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के स्तर -6 पर पाठ्यक्रम शामिल होगा, जो अर्हक प्रकृति की होगी। ii) <u>शॉर्टहैंड टेस्टः</u> अंग्रेजी या हिंदी शॉर्टहैंड टेस्ट जिसमें सात मिनट के लिए सौ शब्द प्रति मिनट की दर से श्रुतलेख परीक्षा शामिल है, जिसे अभ्यर्थियों को पैंतालीस मिनट (अंग्रेजी श्रुतलेख) और साठ मिनट (हिंदी श्रुतलेख) में लिखना और कम्प्यूटर ज्ञान आवश्यक होगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

		चालीस प्रतिशत और उससे अधिक की विकलांगता वाले दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को अंग्रेजी शॉर्टहैंड टेस्ट के लिए सत्तर मिनट में और हिंदी शॉर्टहैंड टेस्ट के लिए नब्बे मिनट में सामग्री को ट्रांसक्रिप्ट करना होगा। परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी।
5.	सहायक अनुभाग अधिकारी	**क) ऑनलाइन परीक्षा; और** **ख) कौशल परीक्षाः** i) <u>कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षाः</u> परीक्षा में राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के स्तर -6 पर पाठ्यक्रम शामिल होगा, जो अर्हक प्रकृति की होगी। ii) <u>टाइपिंग स्पीड टेस्टः</u> [कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में पैंतीस शब्द प्रति मिनट या हिंदी में तीस शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति (पैंतीस शब्द प्रति मिनट और तीस शब्द प्रति मिनट (प्रत्येक शब्द के लिए औसतन 5 कुंजी पर 10500केडीपीएच/9000केडीपीएच के अनुरूप है] परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी।
6.	सहायक (कम्प्यूटर एडिड डिजाइन)	क) **ऑन लाइन परीक्षा ; और** ख) ऑटो केड (CAD)/ड्राफ्टमैनशिप का उपयोग करके ड्राइंग पर व्यावहारिक कौशल परीक्षण। परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी।
7.	आशुलिपिक	**क) ऑनलाइन परीक्षा;** और **ख) कौशल परीक्षाः** i) <u>कम्प्यूटर प्रवीणता परीक्षाः</u> परीक्षा में राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क के स्तर -5 पर पाठ्यक्रम शामिल होगा, जो अर्हक प्रकृति की होगी। ii) <u>शॉर्टहैंड टेस्ट</u> अंग्रेजी/हिंदी आशुलिपि परीक्षा अस्सी शब्द प्रति मिनट की गति से होगी जिसे अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर पर क्रमशः पचपन या पैंसठ मिनट में लिखना होगा। परीक्षा अर्हक प्रकृति की होगी।
8.	वरिष्ठ सचिवालय सहायक	**क) ऑनलाइन परीक्षा** ; और ख) **कम्प्यूटर प्रवीणता में योग्यता कौशल परीक्षा** जिसमें निम्न शामिल हैः क) वर्ड प्रोसेसिंग टेस्ट पंद्रह मिनट में 2000कुंजी डिप्रेशन; ख) माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल पर स्प्रेड शीट्स में टेस्ट - पंद्रह मिनट; और ग) पावर प्वाइंट में टेस्ट (माइक्रोसॉफ्ट पावर प्वाइंट) - पंद्रह मिनट
9.	जूनियर सचिवालय सहायक	**क) ऑनलाइन परीक्षा; और** **ख) टाइपिंग स्पीड टेस्टः** कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में पैंतीस शब्द प्रति मिनट या हिंदी में तीस शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग गति (पैंतीस शब्द प्रति मिनट और तीस शब्द प्रति मिनट10500केडीपीएच/9000 केडीपीएच के अनुरूप है, औसतन 5 कुंजी डिप्रेशन प्रत्येक शब्द के लिए) आवंटित समय - (10 मिनट) परीक्षा क्वालीफाइंग

For more job news visit : www.kpscvaani.com

10.	तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला)	क) ऑन लाइन परीक्षा; और ख) प्रैक्टिकल/स्किल टेस्ट
11.	वरिष्ठ तकनीशियन	क) ऑन लाइन परीक्षा; और ख) प्रैक्टिकल/ ट्रेड टेस्ट
12.	तकनीशियन	क) ऑन लाइन परीक्षा; और ख) प्रैक्टिकल/ट्रेड टेस्ट

ऑनलाइन परीक्षा : ऑनलाइन परीक्षा की संचरना के बारे में विवरण; आयु में छुट; परीक्षा केंद्र; और सीधी भर्ती में भरे जाने वाले पदों के लिए ऑन-लाइन परीक्षा में बैठने के लिए अन्य दिशा-निर्देश/सूचना नीचे दी गई हैः

क) ऑनलाइन परीक्षा की संचरना

i) **सहायक निदेशक (हिंदी), सहायक निदेशक (वित्त)** और **सहायक निदेशक (विपणन और उपभोक्ता मामले)** के पदों के लिए, परीक्षा स्नातकोत्तर स्तर की होगी जिसमें निम्नलिखित पाठ्यक्रम शामिल होंगेः

क्रमांक	**परीक्षा का नाम**	**प्रश्नों की संख्या**	**अधिकतम अंक**	**अवधि**	**पाठ**
1.	जनरल इंटेलिजेंस एंड रीजनिंग	40	40	30 मिनट	अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर द्विभाषी यानी अंग्रेजी और हिंदी
2.	अंग्रेजी भाषा	40	40	30 मिनट	
3.	संख्यात्मक कौशल	20	20	20 मिनट	
4.	- सहायक निदेशक (हिंदी) के लिएः हिन्दी भाषा में डोमैन ज्ञान -सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त)- वित्त के लिए वित्त में डोमैन ज्ञान -सहायक निदेशक (विपणन और उपभोक्ता मामले) के लिएः जनसंपर्क/प्रचार/विज्ञापन/वैज्ञानिक पत्रकारिता में डोमेन ज्ञान	50	50	40 मिनट	
कुल		**150**	**150**	120 मिनट	

साक्षात्कार के लिए विचार किए जाने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा में कुल अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक प्राप्त करने की आवश्यकता होगी।

ii) **तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला)** और **सहायक (कम्प्यूटर एडेड डिजाइन)** के पदों के लिए परीक्षा स्नातक स्तर की होगी और **वरिष्ठ तकनीशियन और तकनीशियन** के पद के लिए परीक्षा क्रमशः सीनियर सैकंड्री एवं सैकंड्री स्तर की होगी;

निम्नलिखित पाठ्यक्रम से युक्त होगीः

क्रमांक	**परीक्षा का नाम**	**प्रश्नों की संख्या**	**अधिकतम अंक**	**अवधि**	**पाठ**
1.	जनरल इंटेलिजेंस एंड रीजनिंग	50	50	40 मिनट	
2.	सामान्य ज्ञान	25	25	20 मिनट	
3.	अंग्रेजी भाषा	25	25	20 मिनट	

For more job news visit : www.kpscvaani.com

4.	**<u>तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला)</u>** संबंधित अनुशासन का तकनीकी ज्ञान (मैकेनिकल, केमिकल, माइक्रोबायोलॉजी) **<u>सहायक (कम्प्यूटर एडेड डिजाइन)</u>** टाइपोग्रफी,ऑटो कैड, प्रैस कार्य और ड्राफ्टमैनशिप से संबन्धित प्रश्न **<u>वरिष्ठ तकनीशियन</u>** आईटीआई और प्रासंगिक ट्रेड के सामान्य पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न(सीनियर सेकेंड्री लेवेल) **<u>तकनीशियन</u>** आईटीआई और प्रासंगिक ट्रेड के सामान्य पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्न (सेकेंड्री लेवेल)	50	50	40 मिनट	**अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर द्विभाषी यानी अंग्रेजी और हिंदी**
कुल		**150**	**150**	**120 मिनट**	

कौशल परीक्षा/व्यावहारिक परीक्षा/ट्रेड परीक्षा के लिए बुलाए जाने के लिए अभ्यर्थियों को संबंधित विषय में कम से कम 50% अंक और ऑनलाइन परीक्षा में कुल अधिकतम अंकों में से कम से कम 50% अंक प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। प्रकृति में अर्हक होगी।

iii) **सहायक अनुभाग अधिकारी, निजी सहायक, आशुलिपिक और वरिष्ठ सचिवालय सहायक और जूनियर सचिवालय सहायक** के पदों के लिए परीक्षा स्नातक स्तर की होगी तथा निम्नलिखित पाठ्यक्रम से युक्त होगी:

क्रमांक	**परीक्षा का नाम**	**प्रश्नों की संख्या**	**अधिकतम अंक**	**अवधि**	**पाठ**
1.	जनरल इंटेलिजेंस एंड रीजनिंग	50	50	35 मिनट	**अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर द्विभाषी यानी अंग्रेजी और हिंदी**
2.	सामान्य ज्ञान	25	25	20 मिनट	
3.	संख्यात्मक कौशल	25	25	25 मिनट	
4.	अंग्रेजी भाषा	50	50	40 मिनट	
कुल		**150**	**150**	**120 मिनट**	

उम्मीदवारों को अगली चयन प्रक्रिया के लिए विचार की जाने वाली ऑनलाइन परीक्षा में कुल अधिकतम अंकों में से कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक प्राप्त करने होंगे।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

ख) आयु सीमा में छूट

विभिन्न वर्गों के लिए आयु सीमा में अनुमेय छूट निम्नांकित हैं:

क्रमांक	वर्ग	अधिकतम आयु सीमा के बाद आयु में छूट
1	अनुसूचित जाति/जनजाति	5 वर्ष
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	3 वर्ष
3	दिव्यांग (अनारक्षित/ ईडब्ल्यूएस)	10 वर्ष
	दिव्यांग (अ.पि.व)	13 वर्ष
	दिव्यांग (अनुसूचित जाति/जनजाति)	15 वर्ष
4	भूतपूर्व सैनिक	
	समूह क एवं ख (भूतपूर्व सैनिक (भू.पू.सै.) ईसीओ/एसएससीओ सहित कमीशंड अधिकारी	05 वर्ष
	समूह ग भूतपूर्व सैनिक (अनारक्षित/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम को तारीख को वास्तविक आयु में से, की गई मिलिट्री सेवा को, घटाने के बाद 03 वर्ष ।
	समूह ग भूतपूर्व सैनिक (अ.पि.व)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को वास्तविक आयु में से, की गई मिलिट्री सेवा को घटाने के बाद 06 (3+3) वर्ष ।
	समूह ग भूतपूर्व सैनिक (अ.जा/अ.ज.जा)	ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख को वास्तविक आयु में से, की गई मिलिट्री सेवाको, घटाने के बाद 08 (3+5) वर्ष ।
5	रक्षा कार्मिक जो विदेश के साथ अथवा किसी अशांत क्षेत्र में युद्ध स्थिति के दौरान ऑपरेशन में निःशक्त होने के परिणामस्वरूप रिलीज किये गये हो।	03 वर्ष
	रक्षा कार्मिक जो विदेश के साथ अथवा किसी अशांत क्षेत्र में युद्ध स्थिति के दौरान ऑपरेशन में निःशक्त होने के परिणामस्वरूप रिलीज किये गये हो। (अनुसूचित जाति/जनजाति)	8 वर्ष
6	समूह ग पद हेतु	
	विधवा/परित्यक्त महिला/ कानूनी रूप से विलग महिला और जिसने पुनर्विवाह न किया हो	35 वर्ष
	विधवा/परित्यक्त महिला/ कानूनी रूप से विलग महिला और जिसने पुनर्विवाह न किया हो (अनुसूचित जाति/जनजाति)	40 वर्ष
7	बीआईएस कर्मचारी (सेवारत मात्र)	50 वर्ष की आयु तक

For more job news visit : www.kpscvaani.com

नोट :

क) उपर्युक्त मदों के अंतर्गत अथवा अन्य किसी मद के संयोजन में संचयी आयु छूट उपलब्ध नही होगी।

ख) चूंकि बीआईएस स्वायत्त निकाय है अतः केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को आयु-छूट उपलब्ध नही है।

भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट (ऑनलाइन आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तारीख पर)

1) सहायक निदेशक (हिंदी), सहायक निदेशक (वित्त), सहायक निदेशक (विपणन एवं उपभोक्ता मामले), सहायक अनुभाग अधिकारी, निजी सहायक, सहायक (कम्प्युटर एडेड डिज़ाइन) एवं तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला) के पदो के लिए :

क) विदेश के साथ अथवा अशांत क्षेत्र में युद्ध स्थिति के दौरान ऑपरेशन में निशक्त हुए और उसके परिणामस्वरूप रिलीज किये गये युद्ध रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में अधिकतम तीन वर्ष तक (अ.जा/ज.जा के लिए 8 वर्ष)

ख) कम से कम पाँच वर्ष की मिलिट्री सेवा कर चुकने और रिलीज़ हो गए कमीशंड अधिकारियों और ईसीओएस/एसएसओएस सहित पूर्व सैनिकों के मामले में अधिकतम पाँच वर्ष तक (क) दुराचार अथवा अक्षमता के कारण बर्खास्त अथवा कार्यमुक्त किए जाने के अन्यथा एसाइंमेंट के पूरा होने पर (जिनका असाइंमेंट एक वर्ष के भीतर पूरा होने वाला है, उनके सहित) अथवा (ख) मिलिट्री सेवा के कारण हुई किसी शारिरिक निशक्तता के कारण अथवा (ग) अशक्तता होने पर अधिकतम पाँच वर्ष की छुट ।

ग) दिनांक 30 सितम्बर 2024 को मिलिट्री सेवा में पाँच वर्ष कार्य की आरंभिक अवधि पूरी कर लेने वाले ईसीओएस/एसएसओएस के मामले में और जिनका असाइंमेंट पाँच वर्ष से आगे विस्तारित कर दिया गया है और जिनके मामले में रक्षा मंत्रालय यह प्रमाण पत्र जारी करता है कि वे सिविल रोज़गार के लिए आवेदन कर सकते है और उनका चयन होने पर नियुक्ति प्रस्ताव के प्राप्त होने की तारीख से तीन माह के नोटिस पर उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जाएगा के लिए अधिकतम पाँच वर्ष तक।

2) आशुलिपिक, वरिष्ठ सचिवालय सहायक, वरिष्ठ तकनीशियन, कनिष्ठ सचिवालय सहायक और तकनीशियन के पदों के लिए:

क) भूतपूर्व सैनिक जिन्होंने सशस्त्र बल में कम से कम छ माह की निरन्तर सेवा की हो, उन्हे इस प्रकार की सेवा अवधि को उनकी वास्तविक आयु में से कम करने की अनुमति होगी और यदि परिणामी आयु निर्धारित अधिकतम आयु से तीन वर्ष से अधिक नही होती है तो उन्हें आयु सीमा की शर्त को पूरा करने के लिए उपयुक्त माना जाएगा ;

ख) उन भूतपूर्व सैनिको, जो पहले ही केन्द्र सरकार के अन्तर्गत सिविल पदों पर नियमित रोजगार प्राप्त कर चुके है, को भी किसी भी समूह/पद पर होते हुए भी केंद्र सरकार के अन्तर्गत किसी उच्चतर पद अथवा सेवा मे अन्य रोजगार प्राप्त करने हेतु भूतपूर्व सैनिक के लिए अनुमेय आयु में छूट के अनुसार लाभ लेने के अनुमति होगी । तथापि, इस प्रकार के अभयर्थी केंद्र सरकार के भूतपूर्व सैनिको के लिए (का. ज्ञा॰ 36.034/6/90- स्था (एससीटी) दिनांक 10.10.94 आरक्षण के लाभ, यदि कोई हो, के पात्र नहीं होंगे; और

ग) निःशक्त रक्षा सेवा कार्मिकों को निर्धारित उच्चतर आयु सीमा से अधिक आयु सीमा में तीन वर्ष तक की छूट (आ.जा/ज.जा से संबंधित निशक्त रक्षा सेवा कार्मिकों के मामले में आठ वर्ष) इस शर्त के साथ मिलेगी कि उन्हें आयु सीमा के अन्तर्गत आने वाले किसी सामान्य अभ्यर्थी के लिए अनुमेय अवसरों की अधिकतम संख्या की अपेक्षा किसी सेवा, या सेवा समूह में भर्ती के संबंध मे अवसरों की अधिक संख्या का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। (आयु में छूट का दावा करने के लिए निशक्त रक्षा सेवा कार्मिक के दावे के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में महानिदेशक, रिसेटलमेंट, रक्षा मंत्रालय का प्रमाणपत्र स्वीकार किया जाएगा)।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

नोट I: भूतपूर्व सैनिक शब्द उन व्यक्तियों पर लागू होगा जिन्हे भूतपूर्व सैनिक रि-इम्प्लॉइमेंट इन सिविल सर्विस एंड पोस्ट्स) नियमावली 1979, समय-समय पर यथा संसोधित में भूतपूर्व सैनिक के रूप में परिभाषित किया गया है ।

नोट II: उपर्युक्त पैरा 1 (क) एवं (ख) और 2 (क) एवं (ख) के अन्तर्गत आयु मे छूट ईसीओएस/एसएसओएस सहित उन भूतपूर्व सैनिको और कमीशंड अधिकारियों के लीये अनुमेय नहीं होगी जो अपने अनुरोध पर रिलीज हुये हों ।

नोट III: आयु में छूट मांगने वाले अभ्यर्थियो को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा/ आशुलिपिक परीक्षा/व्यावहारिक कौशल परीक्षा और तदनन्तर भर्ती प्रक्रिया के अन्य किसी चयन पर बीआईएस की अपेक्षानुसार अनिवार्य प्रमाणपत्र (त्रो) की प्रतियां प्रस्तुत करनी अपेक्षित होगी ।

नोट IV: अनारक्षित रिक्तियों अर्थात वह पद जिनके लिए अ.जा/ज.जा/अ. पि.व हेतु रिक्तियों का विज्ञापन नहीं दिया गया है, उन पदो पर अ. जा/ ज. जा/अ. पि. व (नॉन क्रिमिलेयर) से संबधित आवेदन करने वाले अभ्यर्थियो पर सामानय मानदंडो के अंतर्गत विचार किया जाएगा और उन्हे उच्तर आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी ।

(ग) परीक्षा केंद्र (आनुमानित)

परीक्षा निम्न केंद्रो में आयोजित की जाएगी/की जा सकती हैः

क्रमांक	राज्य	परीक्षा शहर	क्रमांक	राज्य	परीक्षा शहर
1	आंध्र प्रदेश	विशाखापत्तनम	26	तमिलनाडु	चेन्नई
2	आंध्र प्रदेश	गुंटूर/विजयवाड़ा	27	तमिलनाडु	कोयंबटूर
3	बिहार	पटना	28	तमिलनाडु	मदुरै
4	छत्तीसगढ	रायपुर	29	तेलंगाना	हैदराबाद, खम्मम
5	गोवा	पणजी	30	उत्तर प्रदेश	लखनऊ
6	गुजरात	अहमदाबाद/गांधीनगर	31	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज
7	गुजरात	राजकोट	32	उत्तराखंड	देहरादून
8	हरियाणा	चंडीगढ़/मोहाली	33	पश्चिम बंगाल	कोलकाता
9	हिमाचल प्रदेश	शिमला, बिलासपुर	34	सिक्किम	गंगटोक
10	झारखंड	रांची	35	असम	गुवाहाटी, जोरहट, सिलचर, तेजपुर, डिब्रूगढ़
11	कर्नाटक	बेंगलुरु, हुबली-धारवाड़	36	अरुणाचल प्रदेश	नहार्लगुन
12	केरल	तिरुवनंतपुरम	37	मेघालय	शिलोंग
13	केरल	एर्नाकुलम	38	त्रिपुरा	अगरतला
14	मध्य प्रदेश	भोपाल	39	मणिपुर	इम्फाल
15	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	40	मिजोरम	आइजोल
16	मध्य प्रदेश	इंदौर	41	नगालैंड	कोहिमा
17	महाराष्ट्र	मुंबई/नवी मुंबई /ठाणे /एमएमआर	42	अंडमान व नोकोबार द्वीप समूह	पोर्ट ब्लेयर
18	महाराष्ट्र	नासिक,छत्रपति संभाजी नगर	43	चंडीगढ़	चंडीगढ़/मोहाली
19	महाराष्ट्र	पुणे	44	दिल्ली/एनसीआर	दिल्ली/एनसीआर

For more job news visit : www.kpscvaani.com

20	महाराष्ट्र	नागपुर	45	दादर और नगर हवेली, दमन और दीव	सूरत
21	उड़ीसा	भुवनेश्वर	46	जम्मू और कश्मीर	जम्मू और श्रीनगर
22	पंजाब	चंडीगढ़/मोहाली	47	लद्दाख	लेह
23	पंजाब	भटिंडा	48	लक्षद्वीप	कवरत्ती
24	राजस्थान	जयपुर	49	पुदुचेरी	पुदुचेरी
25	राजस्थान	जोधपुर			

1. संबंधित बुलावा पत्र में दिये गये स्थान पर ऑनलाइन परीक्षा कराई जाएगी।
2. परीक्षा केंद्र/स्थान/सत्र तारीख बदलने का कोई भी अनुरोध स्वीकार नही किया जाएगा।
3. बीआईएस के पास अपने विवेकानुसार, अभ्यर्थियों की संख्या और प्रशासनिक साध्यता के आधार पर किसी भी परीक्षा केंद्र को रद्द करने/ किसी परीक्षा केंद्र को शामिल करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. बीआईएस को अधिकार है कि वह किसी भी अभ्यर्थी द्वारा चुने गये परीक्षा केंद्र के स्थान पर अन्य कोई परीक्षा केंद्र अलॉट कर सकता है
5. अभ्यर्थी अपने जोखिम एवं खर्च पर परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र में उपस्थित हों और बीआईएस किसी भी प्रकार की चोट अथवा हानि के लिए जिम्मेदार नही होगा।
6. अभ्यर्थी द्वारा एक बार प्रयुक्त केंद्र चयन ही अन्तिम रहेगा।

यदि पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार "ऑनलाइन" परीक्षा के लिए किसी विशेष केंद्र का विकल्प नहीं चुनते हैं, तो बीआईएस उन उम्मीदवारों को कोई अन्य सहायक केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है या यदि उम्मीदवारों की संख्या किसी केंद्र के लिए ऑनलाइन परीक्षा के लिए उपलब्ध क्षमता से अधिक है, तो बीआईएस उम्मीदवार को कोई अन्य केंद्र आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

घ) ऑनलाइन परीक्षा में आवेदन के लिए अन्य दिशानिर्देश/जानकारी

1. **कट-ऑफस्कोरः**

i) सहायक निदेशक (हिंदी), सहायक निदेशक (वित्त), सहायक निदेशक (विपणन और उपभोक्ता मामले), सहायक अनुभाग अधिकारी, व्यक्तिगत सहायक, आशुलिपिक, वरिष्ठ सचिवालय सहायक और कनिष्ठ सचिवालय सहायक के पदों के लिए, उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा में कुल अधिकतम अंकों में से कुल मिलाकर कम से कम 50% अंक प्राप्त करने होंगे, तभी आगे की चयन प्रक्रिया के लिए विचार किया जाएगा।

ii) तकनीकी सहायक (प्रयोगशाला), सहायक (कंप्यूटर एडेड डिज़ाइन), वरिष्ठ तकनीशियन, और तकनीशियन के पदों के लिए आगे की चयन प्रक्रिया पर विचार करने हेतु उम्मीदवारों को संबंधित विषय में कम से कम 50% अंक और कुल अधिकतम में से कम से कम 50% अंक प्राप्त करने की आवश्यकता होगी,

iii) विभिन्न सत्रों (यदि आयोजित किया जाता है) में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा प्राप्त सही अंकों को समान प्रतिशत विधि का उपयोग करके सामान्य किया जाएगा; तथा

iv) अलग-अलग परीक्षा में केवल उत्तीर्ण होना ही पर्याप्त नहीं होगा अपितु अभ्यर्थी को साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षा/ प्रायोगिक कौशल परीक्षा, जैसा भी मामला हो, के लिए बुलाए जाने के लिए अर्हता के क्रम में पर्याप्त रूप से उच्च अंक हासिल करने होंगे।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

2. स्कोर पर पहुँचने की प्रक्रिया

ऑनलाइन परीक्षा के अंक निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा निकाले जाएंगे :

(i) प्रत्येक ऑब्जेक्टिव परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गये प्रश्नों के सही उत्तरों की संख्या को, दिए गए गलत उत्तरों के लिए पेनल्टी लगाने के बाद, संशोधित स्कोर निकालने के लिए विचार किया जाता है।

(ii) सम अंकों का आकलन करने के लिए विभिन्न सत्रों में हुई ऑब्जेक्टिव परीक्षाओं में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त सही अंकों को कठिनाई का स्तर में मामूली अंतर को ध्यान में रखते हुए, यदि कोई हो, एक समान* किया जाता है।

*किसी भी परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त स्कोर को सभी फॉर्म के अंकों के वितरण पर विचार करके आधार फॉर्म के साथ सम किया जाता है।

(iii) परीक्षा वार अंकों और कुल पर प्राप्त अंकों को दशमलव बिंदु के साथ दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है।

नोट : कट-ऑफ दो चरणों में लागू किए जाते हैं :

(i) अलग-अलग परीक्षाओं में अंको पर; (ii) कुल प्राप्तांक पर

3. अभ्यर्थियों का सत्यापन: (पहचान सत्यापन)

परीक्षा हॉल और चयन की प्रक्रिया के दौरान, मूल के साथ और अभ्यर्थी का वर्तमान में मान्य फोटो पहचान की एक फोटोकॉपी सहित प्रवेशपत्र (जिस पर एकदम प्रवेशपत्र जैसा ही नाम अंकित हो) जैसे पैन कार्ड/ पासपोर्ट/ ड्राइविंग लाइसेंस/ वोटर कार्ड/ फोटो लगी बैंक पासबुक/ फोटोग्राफ के साथ आधिकारिक लेटरहेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान प्रमाण/ फोटोग्राफ के साथ आधिकारिक लेटरहेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान प्रमाण/ किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज/ विश्वविद्यालय द्वारा जारी फोटो लगी हाल ही का वैध पहचान प्रमाण/ फोटो लगा आधार कार्ड/ फोटोग्राफ के साथ कर्मचारी पहचान प्रमाण सत्यापन के लिए पर्यवेक्षक को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अभ्यर्थी की पहचान का विवरण, प्रवेशपत्र पर उसके विवरण, उपस्थिति सूची और अपेक्षित दस्तावेज साथ उसकी पहचान के लिए सत्यापित किया जाएगा। पहचान में संदेह होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

राशन कार्ड और लर्नर्स ड्राइविंग लाइसेंस वैध पहचान प्रमाण नहीं हैं।

नोट : अभ्यर्थी को मूल फोटो पहचान प्रमाण प्रस्तुत करना होगा और परीक्षा/ साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षा/ अल्प लिखित परीक्षा में भाग लेने के दौरान ऑनलाइन परीक्षा प्रवेशपत्र के साथ फोटो पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी जमा करनी होगी, जिसके बिना उन्हें परीक्षा/ साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षा/ अल्प लिखित परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी। अभ्यर्थी ध्यान में रखें कि प्रवेशपत्र में अंकित नाम (पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान दिया गया) ठीक वैसा हो, जैसा कि फोटो फोटो पहचान पत्र में दिया गया है। ऐसी महिला अभ्यर्थी इस पर विशेष ध्यान दें, जिन्होंने शादी के बाद अपने पहले/ अंतिम/ मध्य नाम में परिवर्तन किये हैं। यदि प्रवेशपत्र और फोटो पहचान पत्र में दिए गए नाम में कोई अंतर होने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी। यदि अभ्यर्थी ने अपने नाम में परिवर्तन किया हो, तो उन्हें मूल राजपत्र अधिसूचना/ मूल विवाह प्रमाणपत्र/ मूल शपथपत्र प्रस्तुत करने पर ही अनुमति प्रदान की जाएगी।

4. **देरी से रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थी** अर्थात् परीक्षा के लिए प्रवेशपत्र में विनिर्दिष्ट रिपोर्टिंग समय के बाद पहुंचने वाले अभ्यर्थियों को **परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी**। प्रवेशपत्र पर उल्लिखित रिपोर्टिंग समय परीक्षा प्रारंभ होने के समय से पूर्व का समय है। हालांकि, परीक्षा की अवधि 2 घंटे की है, परन्तु अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर 4 घंटे का समय लग सकता है, जिसमें सत्यापन; और विभिन्न अपेक्षित दस्तावेज एकत्र करना; लॉगइन करना; निर्देश देना; इत्यादि जैसी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक समय शामिल है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

5. स्वयं योग्यता की गारंटी

(i) उल्लिखित पदों के लिए आवेदन करने से पहले, अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे इस विज्ञापन में वर्णित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है। इसलिए अभ्यर्थी इस विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें।

(ii) अभ्यर्थी का परीक्षा/ बाद की प्रक्रिया में प्रवेश केवल अनंतिम है। अभ्यर्थी को प्रवेशपत्र जारी किए जाने का आशय यह नहीं है कि उसकी उम्मीदवारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर बीआईएस किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा और किसी भी स्तर पर यह पता लगने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को रद्द किया जा सकता है कि अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और / या कि उसने कोई गलत/ झूठी जानकारी/ प्रमाणपत्र/ दस्तावेज दिया है या अन्य किसी वास्तविक तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है। नियुक्ति के बाद इन कमियों में से किसी का पता लगने पर उसकी सेवाओं को तत्काल समाप्त किया जा सकता है।

(iii) भर्ती से संबंधित सभी मामलों में बीआईएस का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थी के लिए बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी प्रकार के पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर बीआईएस द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।

6. सूचनाएं :

(i) ऑनलाइन परीक्षा या कौशल/ प्रायोगिक/ व्यावसायिक परीक्षा/ साक्षात्कार के संबंध में सभी सूचनाएं ईमेल और/ या एसएमएस द्वारा केवल ऑनलाइन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र में पंजीकृत ईमेल आईडी और/ या मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी।

(ii) बीआईएस के नियंत्रण से परे मोबाइल नंबर, ईमेल पते, तकनीकी गलती या अन्यथा में परिवर्तन के मामले में सूचना/ सूचनाएं अभ्यर्थियों तक नहीं पहुंचती हैं, तो बीआईएस इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि नवीनतम जानकारी के लिए बीआईएस वेबसाइट www.bis.gov.in समय-समय पर देखते रहें ।

7. मोबाइल फोन, पेजर्स, कैलकुलेटर या ऐसे किसी भी तरह के यंत्रों का उपयोग

(i) परीक्षा स्थल परिसर के अंदर मोबाइल फोन, पेजर या किसी अन्य संचार उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इन निर्देशों का कोई भी उल्लंघन किए जाने पर अभ्यर्थियों की पात्रता रद्द की जा सकती है और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है, जिसमें उन्हें भविष्य की परीक्षाओं के लिए प्रतिबंधित किया जाना शामिल है।

(ii) अभ्यर्थियों को उनके अपने हित में सलाह दी जाती है कि परीक्षा स्थल पर मोबाइल फोन/ पेजर सहित कोई प्रतिबंधित वस्तु न लाएं, क्योंकि इनकी सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।

(iii) अभ्यर्थी को परीक्षा परिसर में कैलकुलेटर रखने या उसे उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।

(iv) ऑनलाइन परीक्षा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी की सूचना हैंडआउट में दी जाएगी, जो अभ्यर्थियों को बीआईएस की वेबसाइट से प्रवेशपत्र के साथ डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

(v) अभ्यर्थी द्वारा निश्चित किया गया स्क्राइब परीक्षा में किसी भी पद के लिए अभ्यर्थी न हो। प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर उपरोक्त उल्लंघन का पता चलने पर अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। परीक्षा में एक से अधिक उपस्थिति/ भागीदारी तत्काल निरस्त कर दी जाएगी/ पात्रता रद्द कर दी जाएगी।

(vi) एक बार पंजीकृत ऑनलाइन आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और / या एक बार भुगतान किए गए आवेदन शुल्क/ सूचना शुल्क वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा के लिए सुरक्षित रखा जाएगा ।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

8. कदाचार/ अनुचित माध्यमों के प्रयोग का दोषी पाये जाने वाले अभ्यर्थियों के विरूद्ध कार्रवाई

अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे कोई भी ऐसा विवरण प्रस्तुत न करें जो झूठा, गलत या मिथ्याई हो तथा ऑनलाइन आवेदन जमा करते समय किसी भी प्रकार की वास्तविक जानकारी न छिपाई जाए। परीक्षा के समय, साक्षात्कार या उसके बाद की चयन प्रक्रिया में, अभ्यर्थी के निम्नलिखित में दोषी होने (या दोषी पाए जाने) पर -

(i) अनुचित साधनों का उपयोग करते हुये या

(ii) किसी दूसरे के नाम से परीक्षा देना या किसी भी व्यक्ति के लिए परीक्षा देना या

(iii) परीक्षा/ साक्षात्कार में दुर्व्यवहार करना अथवा किसी भी प्रयोजन से परीक्षा (परीक्षाओं) या उसकी किसी जानकारी का समग्र या आंशिक रूप से किसी भी प्रकार या तरीके, मौखिक या लिखित, इलेक्ट्रॉनिक या यांत्रिक रूप में प्रकट, प्रकाशित, पुर्नउत्पादित करना, उसके भंडारण या जानकारी के प्रसार को सुगम करना और भंडारित करना अथवा

(iv) अपने अभ्यर्थी होने से संबंधित किसी अनियमित या अनुचित तरीके को अपनाना; अथवा

(v) अनुचित तरीके से अपनी अभ्यर्थी होने के लिए सहायता लेना, अथवा

(vi) परीक्षा/ साक्षात्कार हॉल में मोबाइल फोन या समान प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक संचार उपकरण ले जाने पर ऐसा अभ्यर्थी स्वयं आपराधिक अभियोग का पात्र होने के अतिरिक्त:

(क) उसे उस परीक्षा के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाएगा, जिसके लिए वह अभ्यर्थी है;

(ख) बीआईएस द्वारा आयोजित की जाने वाली किसी परीक्षा के लिए स्थायी रूप से या निर्धारित समय के लिए वंचित कर दिया जाएगा;

(ग) यदि वह बीआईएस में सेवा ग्रहण कर चुका है तो उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

9. बुलावा पत्र (कॉल लेटर)

परीक्षा/ साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षा/ अल्प लिखित परीक्षा, जहां जो भी लागू हो, के लिए केन्द्र, स्थान, पता, जिस पद के लिए आवेदन किया है, के लिए तिथि एवं स्थान की सूचना संबंधित प्रवेशपत्र में दी जाएगी। सफलतापूर्वक पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थी बीआईएस की वेबसाइट www.bis.gov.in पर अपना विवरण अर्थात पंजीकरण संख्या और पासवर्ड/ जन्म तिथि प्रविष्ट करके अपना प्रवेशपत्र डाउनलोड करें। **डाक/ कोरियर के माध्यम से प्रवेशपत्र /सूचना हैंडआउट की कोई हार्डकॉपी नहीं भेजी जाएगी।** सभी सूचनाएं ऑनलाइन आवेदन फार्म में पंजीकृत ईमेल आईडी और मोबाइल नम्बर पर ईमेल और/एसएमएस द्वारा दी जाएंगी। मोबाइल नंबर, ईमेल पते में किसी तकनीकी दोष या बीआईएस के नियंत्रण से बाहर बदलाव होने के कारण अभ्यर्थी को ईमेल की गई/ एसएमएस द्वारा भेजी गई सूचना देर से मिलने/ न मिलने के लिए बीआईएस जिम्मेदार नहीं होगा।

अतएव अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी और आगे के मार्गदर्शन के लिए नियमित रूप से बीआईएस की वेबसाइट www.bis.gov.in समय-समय पर तथा भर्ती प्रक्रिया के दौरान समय-समय पर अपना पंजीकृत ईमेल अकांउट देखते रहें।

10. **<u>आवेदन कैसे करें</u>**

निम्नलिखित के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश/ प्रक्रिया

क. आवेदन पंजीकरण

ख. शुल्क भुगतान

ग. दस्तावेज स्कैन और अपलोड

अभ्यर्थी **09 सितम्बर 2024 (00:00 hrs)** से **30 सितम्बर 2024** अर्धरात्रि तक आवेदन कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

पंजीकरण से पूर्व ध्यान देने योग्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व आवेदक-

i) निम्नलिखित को स्कैन करेः

-फोटोग्राफ (4.5 सेमी x 3.5 सेमी)

-हस्ताक्षर (काली स्याही से)

-बायें अंगुठे का निशान (सफेद पेपर पर काली या नीली स्याही से)

-हस्त लिखित घोषणा (काली स्याही से सफेद कागज पर) (नीचे दिया गया पाठ)

-यह सुनिश्चित करना कि ये सभी स्कैन किए गए दस्तावेज़ इस विज्ञापन के अनुलग्नक III में दिए गए आवश्यक विनिर्देशों का पालन करते हैं।

ii) कैपिटल लेटर में हस्ताक्षर स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

iii) बाएं अंगूठे के निशान को ठीक से स्कैन किया जाना चाहिए और धुंधला नहीं होना चाहिए। (यदि किसी अभ्यर्थी के बायां अंगूठा नहीं है, तो वह आवेदन करने के लिए अपने दाहिने अंगूठे का उपयोग कर सकता है)

iv) हस्त लिखित घोषणा का पाठ इस प्रकार है -

"मैं, _____ (अभ्यर्थी का नाम), एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में प्रस्तुत सभी जानकारी सही, सत्य और वैध है। कभी भी आवश्यकता पड़ने पर मैं सहायक दस्तावेज प्रस्तुत करूंगा। "

v) उपर्युक्त हस्तलिखित घोषणा अभ्यर्थी द्वारा केवल अंग्रेजी में लिखा जाना चाहिए। यदि यह किसी और द्वारा या किसी अन्य भाषा में लिखा और अपलोड किया गया है, तो आवेदन को अमान्य माना जाएगा। (दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के मामले में, जो लिख नहीं सकते हैं, वे घोषणा का पाठ टाइप करवा सकते हैं और टाइप की गई घोषणा के नीचे अपने बाएं के अंगूठे का निशान लगा सकते हैं और विनिर्देशों के अनुसार दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं।)

vi) आवश्यक आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार का ऑनलाइन भुगतान करने के लिए आवश्यक विवरण/ दस्तावेज तैयार रखें।

vii) एक ऐसा वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर रखें, जिसे इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से परीक्षा इत्यादि के लिए कॉल लेटर डाउनलोड करने की सूचना भेजा जायेगा। यदि किसी अभ्यर्थी के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है, तो उसे अपना नया ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर बनाना चाहिए और ऑनलाइन आवेदन करने से पहले और उस ईमेल खाते और मोबाइल नंबर को बनाए रखना होगा।

आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार (अप्रतिदेय)

आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार (अप्रतिदेय) शुल्क का ऑनलाइन भुगतान 09 सितम्बर 2024 (00:00 hrs) से **30 सितम्बर 2024** अर्धरात्रि तक।

आवेदन शुल्क/ सूचना प्रभार के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक हस्तांतरण प्रभार का वहन अभ्यर्थी को स्वयं करना होगा।

क. आवेदन पंजीकरण

1. अभ्यर्थी बीआईएस वेबसाइट www.bis.gov.in पर जाएं और फिर "अप्लाई ऑनलाइन" पर क्लिक करें जिससे नई स्क्रीन खुल जाएगी।

2. आवेदन पंजीकरण करने के लिए टैब "नए पंजीकरण हेतु यहां क्लिक करें" पर जाएं और नाम, संपर्क का विवरण और ईमेल आईडी प्रविष्ट करें। सिस्टम द्वारा एक अस्थायी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड जनरेट होगा और स्क्रीन पर आएगा। अभ्यर्थी अस्थायी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड नोट कर लें। अस्थायी पंजीकरण संख्या और पासवर्ड को दर्शाने वाला ईमेल और एसएमएस भी भेजा जाएगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

3. यदि अभ्यर्थी एक बार में आवेदन फॉर्म को पूरा करने में असमर्थ है, तो वह "सेव एंड नेक्स्ट" टैब चुनकर पहले से दर्ज डेटा को सेव कर सकता है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र में विवरण को सत्यापित करने के लिए "सेव एंड नेक्स्ट" सुविधा का उपयोग करें और यदि आवश्यक हो तो उसी को संशोधित करें। दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र को सावधानी पूर्वक भरना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए सत्यापित करना/ विवरण सत्यापित करवाने चाहिए कि अंतिम प्रस्तुति करने से पहले, वे सही हैं।

4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में भरे गए विवरण को सावधानीपूर्वक भरें और सत्यापित करें क्योंकि पूर्ण पंजीकरण बॅटन पर क्लिक करने के बाद कोई बदलाव संभव नहीं होगा।

5. अभ्यर्थी, या उसके पिता/ पति आदि का नाम आवेदन में सही ढंग से लिखा जाना चाहिए क्योंकि यह प्रमाणपत्र/ मार्कशीट/ पहचान प्रमाण में दिखाई देता है। कोई भी परिवर्तन/ बदलाव अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर सकता है।

6. 'अपने विवरणों को सत्यापित करे' और सेव एंड नेक्ट बटन पर क्लिक करके अपने विवरणों को सत्यापित करें और अपना आवेदन सहेजें।

7. अभ्यर्थी बिंदु "ग" के तहत विस्तृत फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए दिशानिर्देशों में दिए गए विनिर्देशों के अनुसार फोटो और हस्ताक्षर अपलोड करने के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

8. अभ्यर्थी आगे आवेदनपत्र के अन्य विवरण भर सकते हैं।

9. 'अन्तिम रूप से जमा करने' से पहले पूरे आवेदन फॉर्म का पूर्वावलोकन और सत्यापन करने के लिए पूर्वावलोकन टैब पर क्लिक करें।

10. यदि आवश्यक हो, तो विवरण संशोधित करें, और अपलोड किए गए फोटोग्राफ, हस्ताक्षर सत्यापित करने और सुनिश्चित करने के बाद और आपके द्वारा भरे गए अन्य विवरण सही हैं, तभी 'पंजीकरण पूर्णा करें ' पर क्लिक करें।

11. 'भुगतान' टैब पर क्लिक करें और भुगतान के लिए आगे बढ़ें।

12. 'सबमिट' बटन पर क्लिक करें।

क) <u>शुल्क का भुगतान</u>

<u>ऑनलाइन मोड</u>

क. आवदेन पत्र भुगतान गेटवे के साथ एकीकृत है और निम्नलिखित निर्देशों का पालन करके भुगतान किया जा सकता है।

ख. भुगतान डेबिट कार्ड (रुपय/ विजा/ मास्टर कार्ड/ मैस्ट्रो), क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, आईएमपीएस, कैश कार्ड/ मोबाइल वॉलेट का उपयोग करके किया जा सकता है।

ग. ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी भुगतान जानकारी जमा करने के बाद, कृपया सर्वर से जानकारी के लिए प्रतीक्षा करें। दोहरे प्रभार से बचने के लिए बैक या रिफ्रेश बटन को न दबाएं।

घ. ट्रांजेक्शन के सफलतापूर्वक पूरे होने पर, ई- रसीद जनरेट होगी।

ड. ई-रसीद जनरेट न होना भुगतान की विफलता को इंगित करता है। भुगतान विफल होने पर अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे अपने अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके फिर से लॉग-इन करें और भुगतान की प्रक्रिया को दोहराएं।

च. अभ्यर्थियों को शुल्क विवरण निहित ऑनलाइन आवेदन पत्र **और ई-रसीद का प्रिंटआउट लेना होगा। कृपया ध्यान दें कि यदि यह जनरेट नहीं होता है तो ऑनलाइन ट्रांजेक्शॅन सफल नहीं हुआ है।**

For more job news visit : www.kpscvaani.com

छ. क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं के लिए : सभी शुल्क भारतीय रुपये में सूचीबद्ध है। यदि आप गैर-भारतीय क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं, तो आपका बैंक वर्तमान दरों के आधार पर आपकी स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित हो जाएगा।

ज. अपने डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, एक बार ट्रांजेक्शॅन पूरा होने के बाद कृपया अपनी ब्राउजर विंडों बंद कर दें।

झ. शुल्क के भुगतान के बाद शुल्क विवरण निहित आवेदनपत्र को प्रिंट करने की सुविधा है।

ख) <u>दस्तावेजों की स्कैनिंग व अपलोड़ करने के लिए दिशा-निर्देश</u>

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले एक अभ्यर्थी को नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपनी फोटो, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे के निशान और हस्त लिखित घोषणा की स्कैन (डिजिटल) इमेज की आवश्यकता होगी।

फोटोग्राफ इमेज: (4.5सेमी x 3.5सेमी)

- फोटोग्राफ हाल की पासपोर्ट स्टाइल की कलर तस्वीर हो।
- सुनिश्चित करें कि तस्वीर कलर में हो, जिसे हल्के रंग, अधिमानत: सफेद बैकग्राउंड पर लिया गया हो।
- रिलेक्स फेस से कैमरे की तरफ सीधा देखें।
- यदि तस्वीर धूप में ली गई है और आपके पीछे सूरज है तो अपने आप को छाया में रखें, ताकि आपकी नजर तिरछी न दिखे और कोई गहरी छाया न हो।
- यदि आपको फ्लैश का उपयोग करना है, तो सुनिश्चित करें कि "रेड-आई" न हो।
- यदि आप चश्मा पहनते हैं, तो कृपया सुनिश्चित करें कि कोई रिफलेक्श" न पड़े और आपकी आंखे बिल्कुल साफ दिखाई दे।
- कैप, हेड और गहरे रंग के ग्लास वाले चश्में स्वीकार्य नहीं हैं। यदि धार्मिक कारण से सिर पर कुछ पहना है तो उसकी स्वीकृति हैं किंतु इससे आपका चेहरा ढका न हो।
- आयाम 200×230 पिक्सेल (अधिमानत:)
- फाइल का आकार 20केबी-50केबी के बीच हो।
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई इमेज का आकार 50केबी से अधिक न हो। यदि फाइल का आकार 50केबी से अधिक है तो कृपया डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या इत्यादि स्कैनिंग की प्रक्रिया के अनुसार स्कैनर की सेटिंग समायोजित करें।

हस्ताक्षर, बायें अंगुठे के निशान और हस्त लिखित घोषणा की इमेज :

- आवेदक सफेद पेपर पर काली स्याही वाले पेन से ही हस्ताक्षर करें।
  - आयाम 140×60 पिक्सेल (अधिमानत:)
  - हस्ताक्षर के लिए फाइल का आकार 10केबी-20केबी के बीच हो और बायें अंगुठे के निशान के लिए 20केबी-50केबी के बीच हो।
  - सुनिश्चित करें कि स्कैन की हुई इमेज का आकार 20केबी से अधिक न हो।
- आवेदक को अपने बाएं अंगूठे का निशान सफेद कागज पर काली या नीली स्याही से लगाना है।
  - फाइल टाइपः जेपीजी/ जेपीईजी
  - आयामः 200 डीपीआई में 240x240 पिक्सेल (अपेक्षित गुणता हेतु अधिमानतः) अर्थात् 3 सेमी* 3सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)
  - फाइल साइजः 20केबी-50केबी
- आवेदक को काली इंक से सफेद कागज पर स्पष्ट रूप से अंग्रेजी में घोषणा लिखना है।
  - फाइल टाइपः जेपीजी/जेपीईजी

For more job news visit : www.kpscvaani.com

- आयामः 200 डीपीआई में 800x400 पिक्सेल (अपेक्षित गुणता हेतु अधिमानतः) अर्थात् 10सेमी* 5सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)
- फाइल साइजः 50केबी-100केबी

- हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे का निशान और हस्त लिखित घोषणा आवेदक का होना चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति का।
- यदि परीक्षा के समय हस्ताक्षरित उपस्थिति पत्रक या प्रवेश पत्र पर आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते हैं, तो आवेदक को अयोग्य घोषित किया जाएगा।
- कैपिटल लेटर में हस्ताक्षर/ हस्तलिखित घोषणा स्वीकार नहीं की जाएगी।

दस्तावेजों की स्कैनिंगः

- स्कैनर रिजोल्यूशन को न्यूनतम 200डीपीआई (डॉट प्रति इंच) पर सेट करें।
- कलर को ट्रू कलर पर सेट करें।
- यथा उपरोल्लिखित फाइल साइज
- स्कैनर में फोटाग्राफ/ हस्ताक्षर/ बायें अंगुठे के निशान/ हस्त लिखित घोषणा की ऐज तक इमेज को क्रॉप करें और अंतिम आकार (ऊपर निर्दिष्टानुसार) में इमेज को क्राप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें।
- इमेज फाइल जेपीजी अथवा जेपीईजी प्रारूप में हों। उदाहरण के लिए फाइल का नामः इमेज 01.जेपीजी अथवा इमेज 01.जेपीईजी हो। इमेज के आयाम फोल्डर फाइलों की लिस्टिंग द्वारा अथवा इमेज आइकॉन पर माउस को मूव करके चेक किए जा सकते हैं।
- एमएस विंडोज/ एमएस ऑफिस का उपयोग करने वाले अभ्यर्थी आसानी से एमएसपेंट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का उपयोग करके दस्तावेजों को आसानी से.जेपीईजी फॉर्मेट में प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी फॉर्मेट में स्कैन किए गए दस्तावेजों को फाइल मेनु में 'सेव एज' विकल्प का उपयोग करके जेपीजी/ जेपीईजी फॉर्मेट में सेव किया जा सकता है। क्राप और रिसाइज विकल्प का उपयोग करके साइज को एडजेस्ट किया जा सकता है।

दस्तोवेजों को अपलोड़ करने की प्रक्रिया

- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी को बाएं अंगूठे के निशान और हस्त लिखित घोषणा को अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक प्रदान किए जाएंगे।
- "बाएं अंगूठे के निशान /हस्त लिखित घोषणा को अपलोड करने हेतु "संबंधित लिंक पर क्लिक करें।
- ब्राउज करें और उस स्थान का चयन करें जहां बाएं अंगूठे के निशान/हस्तलिखित घोषणा फाइल सेव की गई है।
- उस पर क्लिक करके फाइल को चुनें।
- ओपन/अपलोड को क्लिक करें। आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक आप निर्दिष्ट अनुसार बाएँ अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा को अपलोड नहीं कर देते हैं ।
- यदि फाइल का साइज और प्रारूप निर्धारित नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।
- अपलोड की गई इमेज का प्रीव्यू इमेज की गुणता को देखने में मदद करेगा। अस्पष्ट /धुंधला होने की स्थिति में, इसे अपेक्षित स्पष्टता/गुणता के लिए पुनः अपलोड किया जा सकता है।

आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि आप अपनी तस्वीर, हस्ताक्षर, बाएं अंगूठे की छाप और हाथ से लिखित घोषणा को निर्दिष्ट रूप से अपलोड नहीं करते हैं।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

नोटः (1) यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर में चेहरा या बाएं अंगूठे का निशान या हाथ से लिखित घोषणा अस्पष्ट/धब्बेदार है तो उम्मीदवार का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

(2) ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/बाएं अंगूठे की छाप/हाथ से लिखित घोषणा अपलोड करने के बाद उम्मीदवारों को यह जांचना चाहिए कि चित्र स्पष्ट हैं और सही ढंग से अपलोड किए गए हैं। यदि फोटोग्राफ या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हाथ से लिखित घोषणा प्रमुख रूप से दिखाई नहीं दे रही है, तो उम्मीदवार अपने आवेदन को संपादित कर सकता है और फॉर्म जमा करने से पहले अपनी तस्वीर या हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान या हाथ से लिखित घोषणा को फिर से अपलोड कर सकता है।

(3) उम्मीदवार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि हस्ताक्षर के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर फोटो अपलोड की गई है। यदि हस्ताक्षर के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर फोटो ठीक से अपलोड नहीं किया जाता है, तो उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(4) उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपलोड की जाने वाली तस्वीर आवश्यक आकार की हो और चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

(5) यदि फोटो फोटो के स्थान पर अपलोड नहीं किया जाता है तो परीक्षा के लिए प्रवेश अस्वीकार/अस्वीकार कर दिया जाएगा। उम्मीदवार स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होगा।

(6) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं

(7) ऑनलाइन पंजीकरण के बाद उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सिस्टम द्वारा उत्पन्न ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लें।

दस्तोवेजों को अपलोड़ करने की प्रक्रिया

- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी को बाएं अंगूठे के निशान और हस्त लिखित घोषणा को अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक प्रदान किए जाएंगे।
- “बाएं अंगूठे के निशान /हस्त लिखित घोषणा को अपलोड करने हेतु "संबंधित लिंक पर क्लिक करें।
- ब्राउज करें और उस स्थान का चयन करें जहां बाएं अंगूठे के निशान/हस्तलिखित घोषणा फाइल सेव की गई है।
- उस पर क्लिक करके फाइल को चुनें।
- ओपन/अपलोड को क्लिक करें। आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक आप निर्दिष्ट अनुसार बाएँ अंगूठे का निशान और हस्तलिखित घोषणा को अपलोड नहीं कर देते हैं ।
- यदि फाइल का साइज और प्रारूप निर्धारित नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।
- अपलोड की गई इमेज का प्रीव्यू इमेज की गुणता को देखने में मदद करेगा। अस्पष्ट /धुंधला होने की स्थिति में, इसे अपेक्षित स्पष्टता/गुणता के लिए पुनः अपलोड किया जा सकता है।

<u>नोट</u> :

(1) यदि बायें अंगुठे के निशान या हस्त लिखित घोषणा स्पष्ट नहीं है, तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

(2) ऑनलाइन आवेदन पत्र में बायें अंगुठे के निशान/ हस्त लिखित घोषणा अपलोड करने के बाद अभ्यर्थियों को यह देखना होगा कि इमेज स्पष्ट हैं और उसे सही तरीके से अपलोड किया गया है। यदि बायें अंगुठे के निशान/ हस्त लिखित घोषणा स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही हो तो अभ्यर्थी अपना आवेदन एडिट कर सकता है और आवेदन जमा करने से पहले अपने बायें अंगुठे के निशान/ हस्त लिखित घोषणा को पुन :अपलोड कर सकता है।

(3) अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन पंजीकरण के पश्चात वे अपने ऑनलाइन आवेदन-पत्र का सिस्टम जनरेटिड प्रिंट आउट लें।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

घ) आवेदन शुल्क का भुगतान:

i. सहायक निदेशक (हिंदी), सहायक निदेशक (प्रशासन एवं वित्त) और सहायक निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) पदों के लिए आवदेन शुल्क रु. 800/- होगा और शेष पदों के लिए शुल्क रु. 500/- होगा।
ii. एससी/ एसटी/ पीडब्ल्यूडी/ महिलाओं और बीआईएस में कार्यरत कर्मचारियों को आवेदन शुल्क का भुगतान नहीं करना होगा।
iii. आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन भुगतान पद्धति के माध्यम से किया जाएगा;
iv. आवेदनों के ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान शुल्क देय होगा और यह अप्रतिदेय होगी;
v. भूतपूर्व सैनिकों को **केवल समूह ग पदों के लिए** शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है;
vi. आवेदन शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए कोई अन्य शुल्क, यदि कोई हो, अभ्यर्थी को वहन करना होगा।

11. **घटनाओं की अनुसूची** निम्नलिखित होगी :

ऑनलाइन कार्यक्रम	तिथि/अवधि
आवेदन का पंजीकरण	09 सितम्बर 2024 (00:00 बजे) से 30 सितम्बर 2024 की मध्यरात्रि तक
आवेदन शुल्क का भुगतान (ऑनलाइन)	09 सितम्बर 2024 (00:00 बजे) से 30 सितम्बर 2024 की मध्यरात्रि तक
ऑनलाइन परीक्षा के लिए प्रवेशपत्र जारी करना-	परीक्षा की तारीख से 10 दिन पूर्व
ऑनलाइन परीक्षा	नवम्बर 2024 में संभावित

1. **आरक्षण :** सभी आरक्षण से संबंधित विवरण के लिए, कृपया **अनुलग्नक-I** देखें।

2. अन्य महत्वपूर्ण निर्देश

क) परीक्षा के प्रबंध में कुछ समस्या उत्पन्न होने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है, जो टेस्ट डिलीवरी और/ या परिणाम जनरेट होने को प्रभावित कर सकती है। उस स्थिति में, ऐसी समस्या को ठीक करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, जिसमें अभ्यर्थियों के आवागमन, परीक्षा में देरी भी शामिल है। पुन: परीक्षा का संचालन, संचालन संस्था का विवेकाधिकार है। पुन: परीक्षा के लिए अभ्यर्थी कोई दावा नहीं कर सकता है। जो अभ्यर्थी आवागमन या परीक्षा में देरी होने से प्रक्रिया में भाग लेने के लिए तैयार नहीं होंगे, उन्हें इस प्रक्रिया से सरसरी तौर पर हटा दिया जाएगा।

(ख) भर्ती से संबंधित सभी मामलों में बीआईएस का निर्णय अंतिम और अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बीआईएस द्वारा कोई पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

(ग) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्रों में आयोजित की जाती है, तो विभिन्न सत्रों में उपयोग की जाने वाली विभिन्न परीक्षण बैटरियों के कठिनाई स्तर में मामूली अंतर को समायोजित करने के लिए विभिन्न सत्रों के अंकों को बराबर किया जाएगा। यदि नोड्स की क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या किसी अभ्यर्थी के लिए कुछ तकनीकी व्यवधान होता है तो ही एक से अधिक सत्रों की आवश्यकता होती है।

(घ) बीआईएस सही और गलत उत्तरों की समानता के पैटर्न का पता लगाने के लिए अन्य अभ्यर्थियों के साथ व्यक्तिगत अभ्यर्थियों की प्रतिक्रियाओं (उत्तरों) का विश्लेषण करेगा। यदि इस संबंध में बीआईएस द्वारा अपनाई गई विश्लेषणात्मक प्रक्रिया में, यह अनुमान/ निष्कर्ष निकाला जाता है कि प्रतिक्रियाओं को साझा किया गया है और प्राप्त अंक वास्तविक/ वैध नहीं हैं, तो बीआईएस संबंधित अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता और ऐसे अभ्यर्थियों के परिणाम को रद्द (अयोग्य) करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और परिणाम रोका जा सकता है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

(ड.) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी अभ्यर्थी द्वारा गलत जानकारी प्रदान करने और/ या प्रक्रिया उल्लंघन का पता चलने पर अभ्यर्थी को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसे भविष्य में किसी भी बीआईएस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि वर्तमान चयन प्रक्रिया के दौरान ऐसे उदाहरणों का पता नहीं चलता है, लेकिन बाद में पता चलता है, तो ऐसी अयोग्यता पूर्वव्यापी प्रभाव से होगी।

(च) भर्ती प्रक्रिया या उसके बाद के कार्यक्रम से संबंधित सभी पत्राचार/ निर्देश/ जानकारी पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस/ पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से दी जाएगी। महत्त्वपूर्ण नोटिस और सूचना बीआईएस वेबसाइट पर भी अपलोड की जाएगी। अतएव, अभ्यर्थियों को अपनी ईमेल आईडी/ एसएमएस को देखते रहना चाहिए और अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से बीआईएस वेबसाईट को भी देखते रहना चाहिए।

(छ) भर्ती प्रक्रिया सहित इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद दिल्ली में स्थित न्यायालयों के एकमात्र क्षेत्राधिकार के अधीन होगा।

(ज) गलत उत्तर के लिए पेनल्टी: ऑन-लाइन परीक्षा में प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की कटौती की जाएगी।

(झ) किसी भी प्रकार से प्रभाव डालना अयोग्यता मानी जाएगी।

(ञ) यदि अंग्रेजी के अतिरिक्त, इस विज्ञापन के किसी भी संस्करण में खंडों की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो बीआईएस वेबसाइट पर उपलब्ध अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

(ट) किसी अनधिकृत व्यक्ति/ संस्था द्वारा प्रदान की गई गलत जानकारी के लिए बीआईएस जिम्मेदार नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने आवेदन का विवरण किसी के साथ साझा न करें।

(ठ) अभ्यर्थियों की नियुक्ति उनके चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित होने और बीआईएस में लागू सेवा और आचरण नियमों के अधीन होगी। बीआईएस का निर्णय अभ्यर्थियों के लिए अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(ड) बीआईएस बिना कारण बताए या कारण बताकर चयन और आवंटन प्रक्रिया के किसी भी मापदंड में परिवर्तन(रद्द/ संशोधित या जोड़ने) का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(ढ) परीक्षा के प्रबंध में कुछ समस्या उत्पन्न होने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है, जो टेस्ट डिलीवरी और/ या परिणाम को प्रभावित कर सकता है। उस स्थिति में, ऐसी समस्या को ठीक करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, जिसमें अभ्यर्थियों के आवागमन, परीक्षा में देरी भी शामिल है। पुन: परीक्षा का संचालन, संचालन संस्था का विवेकाधिकार है। पुन: परीक्षा के लिए अभ्यर्थी कोई दावा नहीं कर सकता है। जो अभ्यर्थी आवागमन या परीक्षा में देरी होने से प्रक्रिया में भाग लेने के लिए तैयार नहीं होंगे, उन्हें इस प्रक्रिया से सरसरी तौर पर हटा दिया जाएगा।

(ण) बीआईएस प्रत्येक पद के लिए एक अलग सत्र में ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करने का प्रयास करेगा, परंतु किसी स्थिति में, किसी कारणवश एक ही दिन और उसी समय में सभी (अथवा कोई) पदों के लिए ऑन-लाइन परीक्षा का आयोजन किया जाना अपेक्षित होने पर अभ्यर्थी केवल एक पद के लिए ऑन-लाइन परीक्षा में उपस्थित हो सकेगा। इसलिए, अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे इस बात को ध्यान में रखें।

(त) अंग्रेजी भाषा की परीक्षा को छोड़कर उपर्युक्त सभी प्रश्नपत्र द्विभाषी, अर्थात् अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध होंगे।

(थ) प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग परीक्षा आयोजित की जाएगी। एक ही सत्र के दौरान दो या दो से अधिक पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा सकती है। एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि अभ्यर्थियों के पास केवल एक ही परीक्षा में बैठने का विकल्प होगा।

(द) समूह 'क' पदों के लिए, अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा के लिए पिचासी प्रतिशत भारांक और साक्षात्कार के लिए पंद्रह प्रतिशत भारांक दिया जाएगा और ऑनलाइन परीक्षा में कम से कम पचास प्रतिशत अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से मेरिट के क्रम में साक्षात्कार में बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या विज्ञापित रिक्तियों की संख्या से चार गुणा से अधिक नहीं होगी।

(ध) समूह 'ख' और समूह 'ग' पदों के लिए अभ्यर्थियों का अनंतिम चयन ऑनलाइन परीक्षा में प्राप्त कुल अंकों और निर्धारित कौशल/ प्रायोगिक/ ट्रेड टेस्ट में अर्हता प्राप्त करने के आधार पर योग्यता के आधार पर किया जाएगा। शॉर्टहैंड टेस्ट या टाइपिंग स्पीड टेस्ट या ट्रेड टेस्ट या उनका संयोजन, जो केवल अर्हता परीक्षण होंगे और कौशल परीक्षण के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों

For more job news visit : www.kpscvaani.com

की संख्या योग्यता के क्रम में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के चार गुना से अधिक नहीं होगी, जिन्होंने ऑनलाइन परीक्षा में कम से कम पचास प्रतिशत अंक हासिल किया हो।

(न) बीआईएस के मौजूदा विभागीय अभ्यर्थियों के लिए अनुदेशः (अर्थात् वर्तमान में बीआईएस में सेवारत कर्मचारी) जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, वे सीधे आवेदन कर सकते हैं और उन्हें अलग से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

(प) पहले से ही सेवारत अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश: पहले से ही सरकार/ राज्य/ सार्वजनिक सेवा उपक्रम इत्यादि में सेवारत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा/ आशुलिपि परीक्षा/ प्रायोगिक/ ट्रेड टेस्ट के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" देना होगा।

(फ) आवेदक के पास आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख को अपेक्षित अर्हता होनी चाहिए। अत: परीक्षा में सम्मिलित होने वाले मामलें/ अपूर्ण अर्हता किसी भी दशा में स्वीकृत नहीं की जाएगी। अनुभव, जहां कहीं भी अपेक्षित हो पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक अर्हताएं हासिल करने के बाद की अवधि में होना चाहिए।

(ब) अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन में स्नातक में प्राप्त प्रतिशत को निकटतम दो दशमलव तक अंकित करना चाहिए। जहां सीजीपीए/ ओजीपीए प्रदान किया जाता है, उसे प्रतिशत में परिवर्तित किया जाना चाहिए और ऑनलाइन आवेदन में दर्शाया जाना चाहिए।

(भ) प्रतिशत की गणना: अंकों का प्रतिशत अभ्यर्थी द्वारा सभी सेमेस्टरों/ वर्षों में सभी विषयों में प्राप्त किए गए अंकों को ऑनर्स/ वैकल्पिक/ अतिरिक्त वैकल्पिक विषय यदि कोई हो, के बावजूद, सभी विषयों में कुल अधिकत्तम अंकों से भाग देकर निकाला जाएगा। यह उन विश्वविद्यालयों पर भी लागू होगा जहां केवल ऑनर्स अंकों के आधार पर वर्ग/ ग्रेड तय किया जाता है। इस प्रकार निकाली गई प्रतिशत के भिन्न को नजर अंदाज किया जाएगा अर्थात् 59.99% को 60% से कम और 49.99% को 50% से कम माना जाएगा।

(म) उल्लिखित सभी शैक्षणिक अर्हताएँ यूजीसी, भारत सरकार/ सरकारी नियामक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/ संस्थान/ बोर्ड से स्वीकृत होनी चाहिए। दोहरी शैक्षणिक योग्यता/ विशेषज्ञता के मामले में, अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया के समय अनिवार्य रुप से प्रमाण देना होगा कि उनकी प्रमुख विशेषज्ञता पद के लिए निर्धारित अपेक्षित पात्रता के अनुरूप है।

तारीखः 07 सितम्बर 2024
स्थानः नई दिल्ली

निदेशक (स्थापना)
भारतीय मानक ब्यूरो

For more job news visit : www.kpscvaani.com

अनुलग्नक-I

आरक्षण से संबंधित सामान्य निर्देश

संक्षिप्ताक्षर:

यूआर -अनारक्षित	ओबीसी-अन्य पिछड़ा वर्ग	**ईड्ब्ल्यूएस**- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग
पीडब्लूडी -दिव्यांग व्यक्ति	अजा-अनुसूचित जाति	अ.ज.जा-अनुसूचित जनजाति
भू पू सै -भूतपूर्व सैनिक	श्र बा- श्रवण बाधित	दृ बा -दृष्टिबाधित
आईडी एवं एमआई/एमडी -बौद्धिक नि:शक्तता और मानसिक रोग /बहु व्याधियाँ		

सामान्य: (i) भारत सरकार के निर्देशानुसार दिव्यांग अभ्यर्थियों को इंटरलॉकिंग आरक्षण प्रदान किया जाएगा" ; तथा

(ii) न्यूनतम 40% नि:शक्तता वाले पीडब्ल्यूडी ही विज्ञापित पदों हेतु प्रतिस्पर्धा करने के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होंगे।

1. दिव्यांग व्यक्तियों की परिभाषा (पीडब्ल्यूडी) [दिव्यांगजन]:

दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 2 (आर) के तहत, केवल ऐसे व्यक्ति आरक्षण के लिए पात्र होंगे, निर्दिष्ट नि:शक्तता 40% से कम न हो, से पीड़ित हो और केंद्र/राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित हो। इस तरह के लाभों का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय/भर्ती प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अपने दावे के समर्थन में (इस विज्ञापन के अंत में दिए गए निर्धारित प्रारूप में ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख तक या उससे पहले सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया गया) मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। दिव्यांग व्यक्तियों को आवश्यकता के अनुसार किसी भी क्षेत्रीय कार्यालय/शाखा कार्यालय में कार्य करना होगा। निम्नलिखित दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी आरक्षित रिक्तियों में आवेदन करने के पात्र है (भारत सरकार के 15 जनवरी 2018 के दिशानिर्देशों के अनुसार):

i) दृष्टिहीनता और कमजोर दृष्टि-

(क) "दृष्टिहीनता" का अर्थ है एक ऐसी स्थिति जहां किसी व्यक्ति की स्थिति सर्वोत्तम सुधार के बाद निम्नलिखित में से कोई हो,

(i)दृष्टि का पूर्णतः न होना; या

(ii)सर्वोत्तम संभव सुधार के साथ "ठीक आंख में 3/60 या 10/200 (स्नेलन) से कम दृष्टि तीक्ष्णता; या

(iii)दृष्टि के क्षेत्र की सीमा 10 डिग्री से कम के कोण की हो।

(ख) "कम-दृष्टि" का अर्थ है एक ऐसी स्थिति, जहां किसी व्यक्ति की निम्नलिखित में से कोई भी स्थिति हो, अर्थात्:

(i) सर्वोत्तम संभव सुधार के साथ ठीक आंख में दृष्टि तीक्ष्णता 6/18 से अधिक हो या 20/60 से कम 3/60 तक या 10/200 (स्नेलन) हो; या

(ii) दृष्टि के क्षेत्र की सीमा 10 डिग्री तक के कोण की हो।

ii) <u>बधिर और कम सुनाई देना</u>

(क)"बधिर" का अर्थ है दोनों कानों में स्पीच फ्रीक्वेंसी में 70 डीबी श्रव्यता हानि वाले लोग;(ख) "कम सुनाई देना" का अर्थ है कि दोनों कानों में स्पीच फ्रीक्वेंसी में 60 डीबी से 70 डीबी श्रव्यता हानि वाले व्यक्ति;

iii) <u>लोकोमोटिव नि:शक्तता</u> जिसमे सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ितों और मांसपेशियों की लोकोमोटिव नि:शक्तता शामिल है -

लोकोमोटर नि:शक्तता में (मस्कुलोस्केलेटल या नर्वस सिस्टम या दोनों की पीड़ा से उत्पन्न स्वयं और वस्तुओं की गतिविधि से जुड़ी विशिष्ट गतिविधियों को निष्पादित करने में किसी व्यक्ति की असमर्थता), में सम्मिलित हैः

For more job news visit : www.kpscvaani.com

(क) 'कुष्ठ उपचारित व्यक्ति' का अर्थ है- ऐसा व्यक्ति जिसका कुष्ठ रोग का उपचार हो चुका हो लेकिन वह (i) प्रत्यक्ष विकृति के बिना हाथ और पैर में संवेदनहीनता और नेत्रों की पलकों और पेशियों के पक्षाघात से पीड़ित (ii) प्रत्यक्ष विकृति और पेशियों का पक्षाघात, किंतु सामान्य कार्य करने हेतु हाथ-पैरों में पर्याप्त गतिशीलता होना। (iii) अत्यधिक शारीरिक विकृति के साथ-साथ अग्रवर्ती आयु, जो उन्हें कोई भी लाभकारी उपजीविका आरंभ करने से रोकती है और कुष्ठ रोग उपचारित अभिव्यक्ति का अर्थ तदनुसार लिया जाएगा।

(ख) "सेरेब्रल पाल्सी" का अर्थ है शरीर की गतिशीलता और मांसपेशियों के समन्वय को प्रभावित करने वाली गैर-प्रगतिशील न्यूरोलॉजिकल स्थिति का एक समूह, जो आमतौर पर जन्म के पहले, दौरान या उसके तुरंत बाद मस्तिष्क के एक या एक से अधिक विशिष्ट भागों में नुकसान होने के कारण होता है।

(ग) "बौनापन" का अर्थ है एक चिकित्सीय या आनुवांशिक स्थिति जिसके परिणामस्वरूप किसी वयस्क की 4 फीट 10 इंच (147 सेंटीमीटर) की वयस्क ऊंचाई या उससे कम होना;

(घ) "मस्कुलर डिस्ट्रॉफी" का अर्थ है वंशानुगत आनुवांशिक मांसपेशी रोग का एक समूह जो मानव शरीर को गतिशील बनाने वाली मांसपेशियों को कमजोर करता है और मल्टीपल-डिस्ट्रॉफी वाले व्यक्तियों के जीन में गलत और अधूरी जानकारी होती हैं, जो उन्हें स्वस्थ मांसपेशियों के लिए आवश्यक प्रोटीन बनाने से रोकती है। इसकी विशेषता है कंकाल की मांसपेशियों की प्रगतिशील कमजोरी, मांसपेशियों के प्रोटीन में दोष और मांसपेशियों की कोशिकाओं और ऊतकों की मृत्यु ।

(ड़) "एसिड अटैक पीड़ितों" का अर्थ है कि एसिड या इसी तरह के संक्षारक पदार्थ को फेंकने से हिंसक हमले के कारण विकृत व्यक्ति-

iv) <u>ऑटिज्म, बौद्धिक निःशक्तता, विशिष्ट अधिगमनिःशक्तता और मानसिक बीमारी</u>

1. "भाषण और भाषा निःशक्तता" का अर्थ है एक स्थायी निःशक्तता जो कि लैरींगक्टोमीयावाचाघात जैसी स्थितियों से उत्पन्न होती है जो कार्बनिक या न्यूरोलॉजिकल कारणों के कारण भाषण और भाषा के एक या अधिक घटकों को प्रभावित करती है।

2. बौद्धिक निःशक्तता, बौद्धिक काम काज (तर्क, शिक्षा, समस्या को हल करना) और अनुकूली व्यवहार दोनों में महत्त्वपूर्ण सीमा के कारण एक ऐसी स्थिति जिसमें हर दिन, सामाजिक और व्यावहारिक कौशल शामिल हैं-

(क) "विशिष्ट अधिगम निःशक्तता" का अर्थ है विषम परिस्थितियों का एक समूह जिसमें बोलने या लिखने में भाषा के प्रसंस्करण में कमी होती है, जो समझने, बोलने, पढ़ने, लिखने, या गणना करने में कठिनाई के रूप में प्रकट हो सकती है और इसमें अवधारणात्मक अक्षमता, डिस्लेक्सिया, डिस्कग्राफिया, डिस्कलेकुलिया, डिस्प्रेक्सिया और विकासात्मक वाचाघात के रूप में ऐसी स्थितियां शामिल हैं;

(ख) "ऑटिज्मस्पेक्ट्रम डिसऑर्डर"का मतलब है कि जीवन के पहले तीन वर्षों में आमतौर पर दिखने वाली एक न्यूरो-विकासात्मक स्थिति जो किसी व्यक्ति की बात चीत करने, रिश्तों को समझने और दूसरों से संबंधित होने की क्षमता को काफी प्रभावित करती है, और अक्सर असामान्य या रूढ़िबद्ध अनुष्ठान या व्यवहार से जुड़ी होती है।

3. मानसिक व्यवहार, -

"मानसिक बीमारी" का अर्थ सोच, मनोदशा, धारणा, अभिविन्यास या स्मृति का एक महत्त्वपूर्ण विकार जो कि स्थाई रूप से निर्णय, व्यवहार, वास्तविकता को पहचानने की क्षमताओं में जीवन की सामान्य मांगों को पूरा करने में अक्षम होता है, लेकिन इसमें मंदता शामिल नहीं है जोकि किसी व्यक्ति के दिमाग के जड़ होने की स्थिति यह विशेष तौर से बुद्धि के कम-सामान्य होने का अभिलक्षण है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

4. निम्नांकित कारणों से हुई निःशक्तता

क) क्रॉनिक तंत्रिका संबंधी स्थितियां, जैसे-

(i) "मल्टीपल स्केलेरोसिस" का अर्थ है सूजा हुआ, नर्वस सिस्टम की बीमारी जिस में मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी की तंत्रिका कोशिकाओं के अक्ष तंतु के चारों ओर माइलिन क्षति ग्रस्त हो जाता है, जिसमें अपक्षय होता है और मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में ताल मेल स्थापित करने में तंत्रिका कोशिकाओं की क्षमता प्रभावित होती है।

(ii) "पार्किंसंस रोग" का अर्थ है कंपन, मांसपेशियों की कठोरता और धीमी गति से, तंत्रिका आंदोलन द्वारा चिह्नित नवर्स सिस्टम की एक प्रगतिशील बीमारी, मुख्य रूप से मस्तिष्क के बेसल गैन्ग्लिया के अधःपतन और न्यूरोट्रांस मीटर डोपामाइन की कमी से जुड़े मध्यम आयु वर्ग और बुजुर्ग लोगों को प्रभावित करती है

(ख) रक्तविकार-

(i)"हीमोफिलिया" एक वंशानुगत बीमारी है, जो आमतौर पर केवल पुरूष को प्रभावित करती है, लेकिन महिलाओं द्वारा उन केनर बच्चों में संक्रमित होती है, जिसके लक्षण है रक्त के सामान्य थक्के की क्षमता में हानि, जिससे गौण घाव के फलस्वरूप घातक रक्तस्राव हो सकता है;

(ii)"थैलेसीमिया" का अर्थ है, वंशानुगत विकारों का एक समूह जिसके लक्षण है हीमोग्लोबिन की कम या शून्य मात्रा का होना।

(iii) 'सिकल सैलडिसीज"से अभिप्राय है हिमोलिटिक विकार जो किसी संबद्ध ऊतकों तथा अंग क्षतिग्रस्त होने के कारण एनीमिया, दर्द होना और विभिन्न प्रकार की जटिलताओं से परिलक्षित होती है;"हीमोलिटिक"से अभिप्राय है लाल रक्त कोशिकाओं की सैल झिल्ली का नष्टक होना जिससे की हीमोग्लोबिन स्रावित होने लगता है।

v) <u>बधिरांधता सहित दिव्यांगों में बहु दिव्यांदगताएँ [धारा i से iv के अंतर्गत]-</u>

बधिरांधता सहित बहु दिव्यांयताओं (ऊपर विनिर्दिष्टा दिव्यांगता में से एक से अधिक) से अभिप्राय है वह स्थिति जिसमें व्यिक्ति सुनने एवं देखने में बाधित हो जिसके उसकी बोलचाल, विकास और शिक्षा में गंभीर समस्यावएं आती हों।

2. <u>एक स्क्राइब का उपयोग करने वाले दिव्यांग व्यक्तियों के लिए दिशानिर्देश</u>

i) दृष्टिबाधित अभ्यर्थी और अभ्यर्थी जिनकी लेखन गति किसी भी कारण से स्थायी रूप से प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है, वे नीचे (ii) और (iii) की सीमा के अधीन, ऑनलाइन परीक्षा के दौरान अपने खर्च पर अपने स्वयं के स्क्राइब का उपयोग कर सकते हैं। ऐसे सभी मामलों में जहां एक स्क्राइब का उपयोग किया जाता है, निम्नलिखित नियम लागू होंगे:

- अभ्यर्थी को अपने खर्चे पर अपने स्वयं के स्क्राइब की व्यवस्था करनी होगी।
- अभ्यर्थी द्वारा नियुक्त स्क्राइब उसी परीक्षा का अभ्यर्थी नहीं होना चाहिए। यदि प्रक्रिया के किसी भी चरण में उपरोक्त का उल्लंघन पाया जाता है, तो अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। परीक्षा में स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग करने के इच्छुक और पात्र अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में इसे सावधानीपूर्वक इंगित करना चाहिए। बाद में किसी भी अनुरोध पर अनुकूल रूप से विचार नहीं किया जा सकता है।
- एक अभ्यर्थी के लिए स्क्राइब के रूप में काम करने वाला व्यक्ति दूसरे अभ्यर्थी के लिए स्क्राइब नहीं हो सकता।
- स्क्राइब किसी भी अकादमिक स्ट्रीम से हो सकता है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

- अभ्यर्थी के साथ-साथ स्क्राइब दोनों को यह पुष्टि करते हुए एक उपयुक्त वचनबद्धता देनी होगी कि स्क्राइब ऊपर उल्लिखित स्क्राइब के लिए सभी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है। इसके अलावा यदि बाद में यह पता चलता है कि उसने किसी निर्धारित पात्रता मानदंड को पूरा नहीं किया है या महत्वपूर्ण तथ्यों को छुपाया है, तो ऑनलाइन परीक्षा के परिणाम के बावजूद, आवेदक की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

- वे अभ्यर्थी जो स्क्राइब का उपयोग करते हैं, परीक्षा के प्रत्येक घंटे के लिए या अन्यथा सलाह के अनुसार 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे।

- स्क्राइब को स्वयं उत्तर नहीं देना चाहिए। इस तरह के किसी भी व्यवहार को देखने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी।

- केवल प्रतिपूरक समय के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों को ही ऐसी रियायतों की अनुमति दी जाएगी क्योंकि अभ्यर्थियों को दिया गया प्रतिपूरक समय सिस्टम आधारित होगा, यदि वह इसके लिए पंजीकृत नहीं है तो परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी के लिए ऐसा समय देना संभव नहीं होगा। प्रतिपूरक समय के लिए पंजीकृत नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को ऐसी रियायतों की अनुमति नहीं दी जाएगी।

- परीक्षा के दौरान, किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया जाता है कि स्क्राइब स्वतंत्र रूप से प्रश्नों का उत्तर दे रहा है, तो परीक्षा सत्र समाप्त कर दिया जाएगा और अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। यदि परीक्षण प्रशासक कर्मियों द्वारा परीक्षा के बाद यह सूचित किया जाता है कि स्क्राइब ने स्वतंत्र रूप से प्रश्नों का उत्तर दिया है तो स्क्राइब की सेवाओं का उपयोग करने वाले ऐसे अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता भी रद्द कर दी जाएगी ।

(ii) लोकोमोटर विकलांगता और मस्तिष्क पक्षाघात वाले अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश लोकोमोटर विकलांगता और सेरेब्रल पाल्सी वाले अभ्यर्थियों के लिए प्रति घंटे बीस मिनट या अन्यथा सलाह दी गई प्रतिपूरक समय की अनुमति दी जाएगी, जहां कार्य के प्रदर्शन को धीमा करने की सीमा तक प्रभावीत (लेखन) होता है (न्यूनतम 40% अक्षमता)।

(iii) दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए दिशानिर्देश

- दृष्टिबाधित अभ्यर्थी (जो कम से कम 40% विकलांगता से पीड़ित हैं) परीक्षा की सामग्री को आवर्धित फ़ॉन्ट में देखने का विकल्प चुन सकते हैं और ऐसे सभी अभ्यर्थी हर घंटे के लिए 20 मिनट के प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे या अन्यथा सलाह दी जाएगी।

(iv) बेंचमार्क दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों के मामले में, **परिशिष्ट-क** में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/चिकित्सा अधीक्षक से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर स्क्राइब/प्रयोगशाला सहायक के प्रावधान की अनुमति दी जा सकती है। इसका आशय यह होगा कि संबंधित व्यक्ति के पास लिखने की शारीरिक सीमा है, और उसकी ओर से परीक्षा लिखने के लिए स्क्राइब आवश्यक है।

(v) यदि अभ्यर्थी को अपना स्क्राइब लाने की अनुमति है तो स्क्राइब की योग्यता परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी की योग्यता से कम होनी चाहिए। स्वयं के स्क्राइब का चयन करने वाले बेंचमार्क दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों को **परिशिष्ट-ख** में दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार स्वयं के स्क्राइब का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

ये दिशानिर्देश समय-समय पर भारत सरकार के दिशा-निर्देशों/स्पष्टीकरणों, यदि कोई हो, के संदर्भ में परिवर्तन के अधीन हैं।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

3. प्रमाण पत्र जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारी "दिव्ययांग जन अधिकार नियम, 2017" में यथा विनिर्दिष्ट के अनुसार होगा (भारत सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित):अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्या पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी :

   क) जिला मजिस्ट्रेट/अपर जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/ अपर उपायुक्त/डिप्टि कलेक्टर/फर्स्ट क्लास स्टाइप्नडरी मजिस्ट्रेट/ उप मंडलीय मजिस्ट्रेट/ ताल्लुका मजिस्ट्रेट/ कार्यकारी मजिस्ट्रेट/ अपर सहायक आयुक्त
   ख) मुख्य प्रसीडेंसी मजिस्ट्रेट/ अपर मुख्य प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट
   ग) कम से कम तहसीलदार स्तर का राजस्व अधिकारी
   घ) उस क्षेत्र का उप-मंडलीय अधिकारी जहां अभ्यर्थी या उसका परिवार सामान्यत: रहते हैं।

4. अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति; अन्य पिछडा वर्ग; होने के प्रमाण पत्र का प्रारूप क्रमश: **प्रपत्र-क;** और **प्रपत्र-ख;** के अनुरूप हो जो कि इसके बाद संलग्नित हैं।

4. दिव्यांग व्यक्तियों के लिए, "दिव्ययांग जन अधिकार नियम, 2017" में दिए गए प्रारूप के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप होगा। अभ्यर्थी द्वारा **प्रपत्र- ग (i,ii एवं iii)** में दिए गए प्रारूप में प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

6. आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईड्ब्ल्यूएस) का आरक्षण के लिए डीओपीटी का.ज्ञा.सं. 36039/1/2019-स्था (आरईएस) दिनांक 31 जनवरी 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार होगा। **प्रपत्र- घ** में दिए गए प्रारूप में अभ्यर्थी द्वारा प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

7. भूतपूर्व सैनिक द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली वचनबद्धता **प्रपत्र- ई** में दी गई है।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

परिशिष्ट -क

परीक्षार्थी की लिखने में शारीरिक सीमा के संबंध में प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि, मैनें श्री(निःशक्तता के साथ दिव्यांग अभ्यर्थी का नाम) ....श्रीमती/सुश्री/, व्यक्ति दिव्यांगता प्रमाण पत्र में उल्लिखित)दिव्यांगता की प्रकृति एवं प्रतिशत /सुपुत्र (की जांच की हैं और यह अधिघोषित (राज्य/जिला/गांव).....निवासी.....सुपुत्री किया जाता है कि इस व्यक्ति की शारीरिक सीमाएं हैं दिव्यांगता इनकी निःशक्तता के कारण इनके लिखने की क्षमताओं को बाधित करती है।

हस्ताक्षर
सरकारी स्वास्थ्य सेवा संस्थान के प्रमुख
चिकित्सा अधिकारीसिविल/सर्जनचिकित्सा अधीक्षक/

नाम व पदनाम,
सरकारी अस्पतालस्वास्थ्य सेवा केन्द्र का नाम सील के साथ/

स्थान :
तारीख :

नोट अर्थात) दिव्यांग्ता/प्रमाण पत्र संबद्ध शाखा : दृष्टि बाधिता ऑप्थलेमोजिस्ट -, लोकोमोटर दिव्यांगता पीएमआरजे/नेत्र विशेषज्ञ - द्वारा दिया गया हो।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

परिशिष्ट -ख

अपना स्वयं का लिखने वाला व्यक्ति का उपयोग करने हेतु वचनबद्धता

मैं.....जिला.....,.....(राज्य का नाम) में..... पर (केन्द्र का नाम).....परीक्षा (परीक्षा का नाम) के लिए रोल नं.....वाले अभ्यर्थी .....(दिव्यांग अभ्यर्थी का नाम) के लिए उपस्थित रहूंगा। मेरी अर्हता .....है।

मैं एतदद्वारा घोषित करता/ करती हूं कि.....(लिखने वाले का नाम) उपरोक्त परीक्षा के लिए अधोहस्ताक्षरी को लिखने वाले/ लैब सहायक की सेवा प्रदान करेगा।

मैं एतदद्वारा घोषित करता/ करती हूं कि इनकी अर्हता .....है। यदि बाद में यहा पाया जाता है कि इनकी अर्हता अधोहस्ताक्षरी द्वारा यथा घोषित नहीं है और मेरी योग्यता से ऊपर है तो इस पद और इससे संबंधित दावों पर मेरा कोई अधिकार नहीं होगा।

(दिव्यांग के हस्ताक्षर)

स्थान :

तारीख :

For more job news visit : www.kpscvaani.com

प्रपत्र क

अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र का प्रपत्र

भारत सरकार के अधीन पदों पर नियक्ति हेतु आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने हेतु प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री / श्रीमती /सुश्री .....सुपुत्र/ सुपुत्री श्री/ श्रीमती.....ग्राम/ नगर .....जिला/ मण्डल.....राज्य/ संघशासित क्षेत्र की ..... जाति/ जनजाति के व्यक्ति हैं, जो निम्नलिखित के तहत अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता प्राप्त है:

@संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950@संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश, 1950@संविधान (अनुसूचित जाति) संघशासित राज्य आदेश, 1951@संविधान (अनुसूचित जनजाति) संघशासित राज्यआदेश, 1951

[अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां सूची (आशोधन) आदेश, 1956, मुंबई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 एवं पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970, पूर्वोत्तर क्षेत्र पुनर्गठन अधिनियम, 1971; अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (संशोधन) अधिनियम, 1976, मिजोरम राज्य अधिनियम, 1986, अरुणाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1986 और गोवा, दमण एवं दीव (पुनर्गठन) अधिनियम, 1987 द्वारा यथा संशोधित]

@संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956
@अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (संशोधन) अधिनियम, 1976, द्वारा यथा संशोधित सविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1959
@संविधान (दादर और नगर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962
@संविधान (दादर और नगर हवेली) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1962
@संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964
@संविधान (उत्तर प्रदेश) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1967@संविधान (गोवा, दमण और दीव) अनुसूचित जाति आदेश, 1968@संविधान (गोवा, दमण और दीव) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1968@संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1970
@संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश, 1978@संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1978
@संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जनजाति आदेश, 1989@संविधान (एससी) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1990
@संविधान (एसटी) आदेश (संशोधन) अध्यादेश 1991@संविधान (एसटी) आदेश (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 1991@अनुसूचित जातियांएवंअनुसूचितजनजातियांआदेश (संशोधन) अधिनियम,2002
@संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002
@संविधान (अनुसूचित जातियां एवं अधिसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) अधिनियम, 2002 @संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 2002
%2.एक राज्य / संघशासित प्रशासन से विस्थापित अनुसूचित जातियों/ अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के मामले में लागू।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

यह प्रमाण पत्र श्री/ श्रीमती ..... जो कि श्री/ श्रीमती/ कुमारी* .....के माता/ पिता हैं और जो ..... राज्य/ संघशासित क्षेत्र के ..... जिला/ डिविजन* में ..... गांव/ शहर के निवासी हैं, और ..... जाति/ जनजाति से संबंधित हैं, जिसे ..... द्वारा दिनांक ..... को जारी पत्र द्वारा राज्य/ संघशासित क्षेत्र में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गई है, उनको जारी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के आधार पर जारी किया जाता है।

3. श्री/श्रीमती/कुमारी ----------और / या इनका परिवार सामान्यतयाः..... गांव/ कस्बा/राज्य/ डिविजन-------राज्य संघ शासित राज्य--------के निवासी हैं।

हस्ताक्षर .....

पदनाम.....

(कार्यालय की मुहर)

राज्य/संघ शासित राज्य

स्थान.....

दिनांक:.....

*कृपया ऐसे शब्दों को काट दें, जो लागू नहीं हैं

@कृपया राष्ट्रपति के विशिष्ट आदेश उल्लेख करें

%कृपया ऐसे पैराग्राफ को काट दें, जो लागू नहीं हैं।

नोट:- यहां शब्द सामान्य रूप से निवास करता है, का अर्थ वही होगा जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20 में किया गया है।

** अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारियों की सूची:

(i) जिला मजिस्ट्रेट /अपर जिला मजिस्ट्रेट/ कैलेक्टर/ उपायुक्त/ अपर उपायुक्त /डिप्टी कलेक्टर/प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट/ उप-विभागीय मजिस्ट्रेट/ तालुक मजिस्ट्रेट/ कार्यकारी मजिस्ट्रेट/ अतिरिक्त सहायक आयुक्त

ii) चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/एडीशनल चीफ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट/ प्रेसीडेंसी मजिस्ट्रेट

(iii) राजस्व अधिकारी जो तहसीलदार रैंक स्तर से कम के ना हों।

(iv) उस क्षेत्र का उप-मण्डल अधिकारी जहां अभ्यर्थी और/अथवा अपने परिवार के साथ सामान्यत: निवास करता हो।

(v) प्रशासक /प्रशासक का सचिव / विकास अधिकारी (लक्ष्यद्वीप)

For more job news visit : www.kpscvaani.com

प्रपत्र ख

भारत सरकार के अधीन पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन करने वाले अन्य पिछड़े वर्गों द्वारा प्रस्तुत किए जाने हेतु प्रमाणपत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी .....सुपुत्र/सुपुत्री श्री/श्रीमती.....ग्राम/नगर.....जिला/मण्डल.....राज्य के ..... समुदाय के व्यक्ति हैं जो भारत सरकार के सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय के आधिकारिता संकल्प सं. ..... दिनांक ..... के तहत पिछड़ा वर्ग के लिए मान्यता प्राप्त है।

श्री/श्रीमती/कुमारी.....तथा/अथवा उनका परिवार राज्य के जिला/मण्डल..... में सामान्य रुप से रहता है।

यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वह भारत सरकार,कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36012/22/93-स्था. [एससीटी], दिनांक 8-9-1993 और कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/3/2004 स्था. (पंजी.) दिनांक 9.3.2004 और 14 अक्तूबर 2008 तथा कार्यालय ज्ञापन संख्या 36033/1/2013 स्था. (पंजी.) दिनांक 27 मई 2013 के संशोधित प्रारूप की अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमीलेयर) से संबंधित नहीं है।

हस्ताक्षर.....

पदनाम.....

दिनांक:.....

सील

*- प्रमाण पत्र जारी करने वाले प्राधिकारी को भारत सरकार के उस संकल्प के विवरण का उल्लेख करना होगा, जिसमें अभ्यर्थी की जाति का अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में उल्लेख किया गया है।

**- समय-समय पर यथा संशोधित

$ - अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्राधिकृत सूची वही होगी जो अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु प्राधिकृत है।

नोट: यहां शब्द "सामान्य रूप "का इस्तेमाल वही होगा जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950की धारा 20में किया गया है।

ओबीसी अभ्यर्थियों द्वारा जमा की जाने वाली घोषणा का प्रपत्र (समुदाय प्रमाण पत्र के अतिरिक्त)

मैं----------सुपुत्र/ सुपुत्री श्री----------गाँव /कस्बा /शहर----- जिला----- राज्य----- एतदद्वारा घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि मैं------ समुदाय से संबंध रखता /रखती हूँ जिसे कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन सं. 36102/22/93-स्था (एससीटी) दिनांक 8-9-1993 में उल्लिखित आदेशों के अनुसार सेवाओं में आरक्षण के प्रयोजन हेतु भारत सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता दी गई है। यह भी घोषणा की जाती है कि मैं अंतिम तारीख को उक्त संदर्भित कार्यालय ज्ञापन दिनांक 8-9-1993, का.ज्ञा 36033/3/2004-स्था (आरईएस) दिनांक 14 अक्तूबर, 2008 को अनुसूची के कॉलम 3 में उल्लिखित व्यक्तियों/वर्गों/वर्ग (क्रीमीलेयर) से संबंधित नही हूँ।

हस्ताक्षर-----

पूरा नाम------

पता----------

For more job news visit : www.kpscvaani.com

प्रपत्र ग (i)

दिव्यांगता प्रमाणपत्र

(अंग-विच्छेद या अंगों के स्थायीपूर्ण तरह पक्षाघात या बौनापन और दृष्टिहिनता के मामलों में)

[नियम 18 (1) देखें]

(प्रमाणपत्र जारी करने वाले चिकित्सा प्राधिकारी का नाम व पता)

दिव्यांग व्यक्ति का नवीनतम पासपोर्ट आकर का स्वप्रमाणित फ़ोटो (केवल चेहरा दर्शाते हुए)

प्रमाणपत्र संख्या दिनाँक:

प्रमाणित किया जाता है कि मैं श्री /श्रीमती /कुमारी----------पुत्र /पत्नी /पुत्री श्री ----------—जन्मतिथि (तिथि/माह/वर्ष) —— – आयु——वर्ष

पुरुष/महिला———पंजीकरण संख्या———स्थायी निवासी मकान नम्बर———वार्ड/ग्राम/स्ट्रीट——डाकघर——जिला——राज्य—और जिनका फोटोग्राफ ऊपर लगाया गया है, की ध्यानपूर्वक जांच की है और मैं संतुष्ट हूँ कि

क) यह निम्नांकित का मामला हैः

- लोकोमोटर दिव्यांगता
- बौनापन
- दृष्टिहीनता

(कृपया जो लागू हो उस पर टिक लगाये)

ख) इनका मामले का निदान ---------- है।

ग) दिशा-निर्देशों (दिशानिर्देशों के जारी होने की संख्या---- और तारीख का उल्लेख करें) के अनुसार इन्हें --------- के संबंध में स्थायी लोकोमोटर दिव्यांगता/बौनापन/दृष्टिहीनता में इनकी (शरीर का अंग) में ----------%(अंकों में) ------ प्रतिशत (शब्दों में) की निःशक्तता है।

आवेदक ने अपने निवास के प्रमाणस्वरूप निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं:

दस्तावेज की प्रकृति	जारी करने की तिथि	प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी का विवरण

(अधिसूचित चिकित्सा प्राधिकारी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर एवं मुहर)

(उस व्यक्ति का हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान जिसके पक्ष में प्रमाणपत्र जारी किया गया है)

For more job news visit : www.kpscvaani.com

प्रपत्र ग (ii)

दिव्यांगता प्रमाणपत्र

(प्रमाणपत्र जारी करने वाले चिकित्सा प्राधिकारी का नाम व पता)

[नियम 18 (1) देखें]

दिव्यांग व्यक्ति का नवीनतम पासपोर्ट आकर का स्वप्रमाणित फ़ोटो (केवल चेहरा दर्शाया हो)

प्रमाणपत्र संख्या दिनाँक:

यह प्रमाणित किया जाता है कि हमने श्री / श्रीमती /कुमारी----------पुत्र/पत्नी/पुत्रीश्री ----------—जन्मतिथि (तिथि/माह/वर्ष) —— आयु——वर्ष पुरुष/महिला——पंजीकरणसंख्या——स्थायी निवासी मकान नम्बर———वार्ड/ग्राम/स्ट्रीट——डाकघर—जिला-—राज्य—और जिनका फोटोग्राफ ऊपर लगाया गया है, की ध्यानपूर्वक जांच की है और मैं संतुष्ट हूँ कि

(क) वह ——बहुनिःशक्तताओं से ग्रस्त है निशक्तता संबंधी दिशानिदेश के अनुसार (जारी किए गए दिशानिदेश की तिथि व संख्या----------निर्दिष्ट करें) उनकी स्थायी शारीरिक दिव्यांगता/ निःशक्तता के प्रतिशत की सीमा को आकलित किया गया है और नीचे तालिका में संगत दिव्यांगता के सामने दर्शाया गया है:

क्रमसं	**निःशक्तता**	**शरीर का प्रभावित अंग**	**निदान**	**स्थायी शारीरिक दौर्बल्यता/मानसिकरूप से दिव्यांग (% में)**
1	लोकोमोटरनिःशक्तता	@		
2	मस्कुलरडिस्ट्रॉफी			
3	कुष्ठ रोग से ठीक हो चुके व्यक्ति			
4	बौनापन			
5	सेरेबल पाल्सी			
6	एसिड अटैक पीड़ित			
7	कमदृष्टि	#		
8	दृष्टिहीनता	#		
9	बधिर	£		
10	कम सुनाईदेना	£		
11	भाषण एवं भाषा नि:शक्तता			
12	बौद्धिक नि:शक्तता			
13.	विशिष्ट अधिगम निःशक्तता			

For more job news visit : www.kpscvaani.com

14.	आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसओर्डर			
15.	मानसिक बिमारी			
16.	क्रॉनिक न्यूरोलॉजिकल अवस्था			
17.	मल्टीपल सीलेरोसिस			
18.	पार्किसन बीमारी			
19.	हीमोफीलिया			
20.	थेलेसेमिया			
21.	सिकल सेल बीमारी			

ख (उपरोक्त के प्रकाश में, दिशानिर्देशों .निर्दिष्ट दिशानिर्देश की सं)–एवं जारी करने की तिथि के अनुसार समग्रतः स्थायी शारीरिक (निःशक्तता, निम्नानुसार हैः

अंकों में .....प्रतिशत,

शब्दों में..... प्रतिशतता

2. उक्त अवस्था प्रोग्रेसिवसुधार होना मुश्किल है/सुधार की संभावना /प्रोग्रेसिव-नॉन /

3. निःशक्तता का पुनः मूल्यांकन हो

i) अनावश्यक या

II) ---वर्ष माह के बाद सिफारिश की जाती है---, एवं इसका प्रमाणपत्र तक वैध रहेगा। (वर्ष/माह/दिन) ------

@अर्थात् लेफ्टदोनों भुजाये /राइट/ं टांगें/

अर्थात् एक आँख

£ अर्थात् लेफ्टदोनों कान /राइट/

4.आवेदक ने आवास के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित दस्तावेज दिये हैः

दस्तावेज की प्रकृति	जारी-करने की तारीख	प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी के विवरण

जिस व्यक्ति के पक्ष में विकलागंता प्रमाणपत्र जारी किया उसके हस्ताक्षर/अंगूठे के निशान

5. चिकित्सा प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर

सदस्य का नाम और मुहर	सदस्य का नाम और मुहर	अध्यक्ष का नाम और मुहर

उस व्यक्ति का हस्ताक्षर/ अंगूठे का निशान
जिसके पक्ष में प्रमाणपत्र जारी किया गया है

For more job news visit : www.kpscvaani.com

प्रपत्र ग (iii)

दिव्यांगता प्रमाणपत्र

(प्रपत्र **V और VI** में उल्लिखित के अतिरिक्त अन्य मामलों में)

(प्रमाणपत्र जारी करने वाले चिकित्सा प्राधिकारी का नाम एवं पता)

(नियम 18(1) देखें)

दिव्यांग व्यक्ति का नवीनतम पासपोर्ट आकार का सत्यापित फोटोग्राफ केवल चेहरा दर्शाते) (हुए

प्रमाणपत्र सं. ----------

दिनांकः----------

यह प्रमाणित किया जाता है कि मैने श्री/श्रीमती/कुमारी ---------- के पुत्र/पत्नी/बेटी जन्मदिन (दिन/माह/वर्ष) ---------- आयु---------- वर्ष, पुरूष/महिला ----------पंजीकरण सं. स्थायी आवासीय म.सं. ---------- वार्ड/ग्राम/गली---------- डाकघर---------- जिला----------राज्य जिसकी फोटोग्राफ ऊपर लगी हुई है, सावधानीपूर्वक जांच की है, एवं मैं संतुष्ट हूँ कि वह ----------अक्षमता का मामला है। उसकी शारीरिक अक्षमता की प्रतिशतता को दिशानिर्देशों (निर्दिष्ट दिशानिर्देशों की सं. एवं जारी करने की तिथि) के अनुसार आंका गया है और निम्नसारिणी में संबंधित अक्षमता के सामने दर्शाया गया हैः

क्रमांक	अक्षमता दिव्यांगता/	प्रभावित शारीरांग	उपचार	स्थायी शारिरिकक्षति मानसिक अक्षमता %) (में
1.	लोकोमोटर निःशक्तता	@		
2.	मस्कुलर डिस्ट्राफी			
3.	अभिसाधित			
4.	सेरेब्रल पॉल्सी			
5.	एसिड अटैक पीड़ित			
6.	सूक्षमदृष्टिदृष्टिवाधित/	#		
7.	बधिर	£		
8.	सुनने में मुश्किल	£		
.9	स्पीच एवं भाषा दिव्यांगता			
10.	बौद्धिक दिव्यांगता			
11.	विशिष्टि लर्निंग दिव्यांगता			

For more job news visit : www.kpscvaani.com

12.	आटिज्म स्पेक्ट्रम डिसओर्डर			
13.	मानसिक बीमारी			
14.	चिरकालिक मनोवैज्ञानिक अवस्था			
15.	मल्टीपल सीलेरोसिस			
16.	पार्किसन बीमारी			
17.	हीमोफीलिया			
18.	थैलेसेमिया			
19.	सिकल सेल बीमारी			

(जो लागू न हो उस दिव्यांगता को काट दें)

2. उपरोक्त अवस्था प्रोग्रेसिव/ नॉन-प्रोग्रेसिव/ सुधार हो सकता है /सुधार होना मुश्किल है

3. दिव्यांगता का पुनः मूल्यांकन

II) ---वर्ष ---माह के बाद सिफारिश की जाती है, एवं यह प्रमाणपत्र ------ (दिन/माह/वर्ष) तक वैध रहेगा।

@अर्थात् लेफ्ट/राइट/ दोनों भुजायें /टांगें

अर्थात् एक आँख/दोनों आँखें

£ अर्थात् लेफ्ट/राइट/ दोनों कान

4. आवेदक ने आवास के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं :

दस्तावेज की प्रकृति	जारी-करने की तारीख	प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी का विवरण

(अधिसूचित चिकित्सा प्राधिकारी का प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
(नाम एवं मुहर)

(प्रतिहस्ताक्षरित)
(ऐसे चिकित्सा प्राधिकारी जो सरकारी नौकर नही है उनके द्वारा जारी किये गए प्रमाण पत्र के मामले में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी/चिकित्सा अधीक्षक/सरकारी अस्पताल के प्रमुख के प्रति हस्ताक्षर एवं मुहर)

जिस व्यक्ति के पक्ष में दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी किया उसके हस्ताक्षरअंगूठे के निशान/

टिप्पणीः गैर सरकारी चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणपत्र जारी किये जाने के मामले में, जनपद के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रति हस्ताक्षरित होने पर ही वैध होगा।

For more job news visit : www.kpscvaani.com

प्रपत्र -घ

-------- सरकार

(प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्रधिकारी का नाम एवं पता)

आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाला आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाणपत्र

प्रमाणपत्र की सं..... दिनांक-----

वर्ष हेतु वैध--------

यह प्रमाणित किया जाता है कि श्रीश्री----------कुमारी/श्रीमती/ का पुत्र ----------पत्नी/पुत्री/ ----संघशासित क्षेत्र/राज्य---------- जिला---------- डाकघर----------गली /ग्राम पिन कोड का स्थायी निवासी ----------, जिसका फोटोग्राफ नीचे सत्यापित है ---------- उनके परिवार के/से कम है उसके (रू आठ लाख केवल) लाख 8 उनकी कुल वार्षिक आय/वित्त वर्ष हेतु उसकी में से कुछ भी नही हैः *** पास निम्नलिखित परिसम्पत्तियों

i. एकड़ कृषिभूमि एवं इससे अधिक 5
ii. वर्ग गज एवं इससे अधिक का आवसीय फ्लै 1000ट
iii. अधिसूचित निगमों में वर्ग गज एवं अधिक का आवासीय प्लॉट 100
iv. अधिसूचित निगमों के अलावा स्क्वेयर गज एवं अधिक का आवासीय प्लॉट 200

2. श्री/श्रीमती/कुमारी _____ जाति से संबंधित है जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है (केंद्रीय सूचि).

कार्यालय की मुहर सहित हस्ताक्षर----------

नाम----------

पदनाम----------

अभ्यर्थी का नवीनतम पासपोर्ट आकार का सत्यापित फोटो लगायें

*नोट 1:संसाधनों अर्थात् वेतन, कृषि, व्यापार, इत्यादि से आय शामिल है।

** नोट 2: इस प्रयोजन हेतु व्यक्ति सहित परिवार से अभिप्राय, जो आरक्षण का लाभ चाहता है, उसके अभिभावक एवं बहन-वर्ष से कम आयु के भाई 18, उसके पतिवर्ष की आयु स 18 उसकी पत्नी एवं/े कम के बच्चे शामिल है।

*** नोट 3: "परिवार" द्वारा अर्जित सम्पत्ति विभिन्न स्थानों या भिन्न स्थानों की ईडब्ल्यूएस स्टेटस /भिन्न शहरों- के निर्धारण के लिए परीक्षा आयोजन के समय इन भूमि या सम्पत्ति को जोड़ा गया हैं।

****

For more job news visit : www.kpscvaani.com

प्रपत्र- इ

<u>भूतपूर्व सैनिक द्वारा वचनबद्धता</u>

मैं.....जिनका अनुक्रमांक सं. ..... परीक्षा 20.....के लिए दस्तावेज़ सत्यापन हेतु उपस्थित होने के लिए एतदद्वारा वचन देता/देती हूँ कि:

(क) मैं समय-समय पर संशोधित केंद्रीय सिविल सेवा और पद नियमों, 1979 में, भूतपूर्व सैनिकों के पुन: नियोजन के संदर्भ में भूतपूर्व सैनिकों के लिए स्वीकार्य लाभों का हकदार हूँ।

(ख) पुन: नियोजन के लिए भूतपूर्व सैनिक को दिया गया आरक्षण का लाभ लेने के बाद मैंने सिविल साइड (सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों /सांविधिक निकायों, राष्ट्रीयकृत बैंकों इत्यादि सहित) में सरकारी नौकरी में समूह "ग' और "घ' पदों पर नियमित आधार पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया है; अथवा

(ग) मैंने सिविल में सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए भूतपूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ उठाया है। मैंने.....का कार्यालय में.....इस दिन.....के रूप में कार्यभार ग्रहण किया हैं। मैं एतदद्वारा वचन देता/ देती हूँ कि मैंने अपने कार्यालय में अपने वर्तमान नियोक्ता के लिए उपर्युक्तलिखित परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि वार विवरण के बारे में स्व-घोषणा /वचनपत्र प्रस्तुत किया है जिसके लिए मैंने वर्तमान सिविल नियोजन में शामिल होने से पहले आवेदन किया था; अथवा

(घ) मैंने सिविल में सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए भूतपूर्व सैनिक के रूप में आरक्षण का लाभ उठाया है। मैंने.....का कार्यालय में.....इस दिन.....के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इसलिए, मैं केवल आयु में छूट के लिए पात्र हूं;

मैं एतदद्वारा घोषणा करता /करती हूं कि उपर्युक्त में दिए गए सभी कथन मेरी अधिकत्तम जानकारी और विश्वास के अनुरूप सत्य पूर्ण और सही हैं। मैं समझता हूं कि किसी भी चरण में कोई भी सूचना असत्य या गलत पाया जाता है तो मेरी उम्मीदवारी /नियुक्ति रद्द/ समाप्त कर दी जाएगी।

हस्ताक्षर : .....

नाम: .....

अनुक्रमांक: .....

तारीख .....

सशस्त्र बल में नियुक्ति की तारीख: .....

सेवा निवृत्त होने की तारीख: .....

अंतिम इकाई/वाहिनी: .....

मोबाइल नंबर: .....

ईमेल आईडी : .....